भीलवाड़ा/ शनिवार 23 नवम्बर 2024

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

# नमस्ते राजस्थान

वर्षः 09: अंकः 23 E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com भीलवाड़ा संस्करण पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र मो. 9214417111, 8005910698



# टोंक के अलीगढ़ में भीड़ द्वारा पत्रकारों पर किए हमले का विरोध

## शिवगंज ब्लॉक अध्यक्ष ने पत्रकारो के साथ होने वाली घटनाक्रम पर कार्रवाई की माँग की

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज (सिरोही)।** टोंक जिले के अलीगढ़ में सड़क अवरुद्ध कर प्रदर्शन कर रही भीड़ को कवरेज करने के दौरान पत्रकार अजीतसिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेन्द्र पर अचानक भीड़ द्वारा हमला करने की घटना को लेकर पुरे प्रदेश के पत्रकारों में जोरदार आक्रोश हैं। इसी को लेकर आज सिरोही जिले के शिवगंज में पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे की शिवगंज उपखंड ईकाई ने भी अपना विरोध दर्ज करवाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम शिवगंज एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रमसिंह करनोत के नेतृत्व में शिवगंज उपखंड के अनेकों पत्रकार एसडीएम कार्यालय पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की कड़ी निंदा करते हुए एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा हेतु पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने की मांग की। प्रदेश प्रतिनिधि विक्रमसिंह करनोत ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में हमारा संगठन पिछले 8 वर्षों से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू की मांग करता आ रहा हैं। और इस हेतु प्रदेश भर से पत्रकारों ने पिछली सरकार के दौरान दो बार विधानसभा का घेराव भी किया गया था। लेकिन सरकार ने आज दिन तक सिर्फ आश्वासन ही दिए हैं। पत्रकारों की सुरक्षा हेतु अभी तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। सरकार के इस ढुलमुल रवैए के कारण ही आए दिन प्रदेश के कई पत्रकारों पर हमले की घटनाएं सामने आती हैं। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। करनोत ने कहा कि प्रदेश सरकार को स्वच्छ लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोकतंत्र के चौथे प्रहरी को सुरक्षित करना नितांत आवश्यक हैं। देश की आजादी में मीडिया ने महत्ती भूमिका निभाई थी। और आज भी मीडिया देश के लोकतंत्र को सजीव रखने में हमेशा तत्परता से कार्य कर रहा हैं। लेकिन लोकतंत्र को कमजोर करने वाली शक्तियां लगातार मीडियाकर्मियों पर हमले करके लोकतंत्र के प्रहरी को खत्म करना चाहते हैं। मीडिया को संरक्षण देने के लिए सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना ही चाहिए। ताकि पत्रकार सुरक्षा भाव के साथ अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन कर सके आज के इस ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान संगठन के जिला प्रवक्ता हेमंत अग्रवाल, शिवगंज ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल परिहार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मनोज शर्मा, वरिष्ट पत्रकार कुंदनमल राठी, किशोर परिहार, कल्पना माली, प्रवीण सिंह राव, जगदीश कुमार, वनेसिंह सहित कई पत्रकार साथी मौजूद रहे।





**शिवगंज ब्लॉक अध्यक्ष जैसाराम माली गुजरात थे**

इस ज्ञापन कार्यक्रम मे शिवगंज ब्लॉक अध्यक्ष जैसाराम माली गुजरात प्रवास पर होने पर राजस्थान सरकार से पत्रकारो के विरुद्ध हो रही धटना को लेकर पत्रकार साथीओ प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारीओ व जिला अध्यक्ष सहित शिवगंज के सभी पत्रकारो का आभार व्यक्त किया है ।

# संविधान दिवस 26 नवम्बर को

नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा,** संविधान दिवस 26 नवम्बर, मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। संविधान दिवस को समस्त राजकीय, निजी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों व भावी मतदाताओं को स्वीप के अन्तर्गत उनके संवैधानिक वोट देने के अधिकार के बारे में जागरूक किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि 26 नवम्बर को समस्त राजकीय, निजी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित शपथ दिलाई जायेगी एवं भावी मतदाताओं को उनके वोट के संवैधानिक अधिकार, वोट के महत्व एवं नैतिक मतदान के बारे में जागरूक किया जायेगा।

# कन्या महाविद्यालय में स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा,** सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ, शोभा गौतम ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में 45 छात्राओं ने तथा स्लोगन प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वंशिका सेन, दूसरे स्थान पर राजनंदनी योगी तथा तीसरे स्थान पर नेहा खटीक तथा खुशी खटीक रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम अंतिम सेन एवं अर्पिता विजयवर्गीय द्वितीय चंचल प्रजापत एवं सोनिया माली तथा तृतीय स्थान पर प्रियांशी भट्ट एवं कोमल तेली रही। कार्यक्रम का संचालन रीना सालोदिया ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अंजलि अग्रवाल द्वारा दिया गया। डॉ. अनिल कुमार सुराणा ने छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सरोज मेहता, इंदु बाला पटवारी, प्रतिभा राव तथा सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# सीकर में दिनदहाड़े युवक पर फायरिंग:घुटने में लगी गोली

नमस्ते राजस्थान

**सीकर** सीकर के जाजोद थाना इलाके में फायरिंग का मामला सामने आया है। चौराहे के पास खड़े युवक पर बाइक पर आए 4 बदमाशों ने राउंड फायरिंग की। घटना के बाद बदमाश मौके से भाग गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में नाकाबंदी करवाई है। सूचना के बाद खंडेला डीवाईएसपी इंसार अली भी मौके पर पहुंचे है। घटना ढाल्यावास गांव की है। जाजोद पुलिस थाने के एएसआई बाबू खां ने बताया– आज दोपहर करीब एक बजे बाद सूचना मिली कि ढाल्यावास चौराहे के पास फायरिंग हुई है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची, जहां प्रत्यक्षदर्शी रामवतार नाम का आदमी मिला। उसने बताया कि बाइक पर आए चार बदमाशों ने फायरिंग की। इसके बाद प्राथमिक इलाज करवाकर उसे इलाज के लिए सीकर रैफर किया गया।

**हमलावर की पहचान, पहले भी मामला दर्ज**

रामवतार ने पुलिस को बताया– बाइक पर आए बदमाशों ने उस पर चार राउंड फायरिंग की। जिसमें एक गोली रामवतार के पैर पर जाकर लगी। बाकी तीन मिसफायर हुए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश श्रीमाधोपुर की तरफ भाग गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हमलावरों में एक का नाम प्रकाश है। प्रकाश और रामवतार पहले से परिचित है। दोनों पर श्रीमाधोपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज भी है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों की तलाश में इलाके में नाकाबंदी करवाई है।

घायल रामवतार ने बताया कि वह गांव के अंदर गया हुआ था। बाइक खड़ी करते ही वह दुकान के पास चला गया। वहीं उन बदमाशों ने फायरिंग की। रामवतार ने बताया कि बदमाशों को वह पहले से जानता है क्योंकि उनकी रंजिश है।



# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई मे जगदीश सैन हुए उपस्थित पूर्व में प्रेषित जनहित समस्याओं के समाधान की चाही जानकारी

## पूर्व विधायक व सभापति के कार्यकाल मे हुए भ्रष्टाचार की जांच उच्च अधिकारीओ से कराने का पत्र दिया

नमस्ते राजस्थान

**सिरोही,** जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर की जनसुनवाई कार्यक्रम हुआ काफी संख्या में फरियादी जनसमस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई में लिखित में अपनी समस्या प्रेषित कर समाधान का आग्रह किया जनसुनवाई कार्यक्रम में शहर के आम नागरिक जगदीश सैन भी उपस्थित होकर गत 18 जुलाई 2024 को संम्भागीय आयुक्त पाली द्वारा जिला मुख्यालय सिरोही में आयोजित की गई जनसुनवाई में जगदीश सैन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पुरी महिपाल सिंह चारण द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण हेतु आठ बिन्दुओं वाला पूर्व में प्रेषित ज्ञापन में उठाई समस्याओं के समाधान की जिला कलेक्टर से जानकारी चाही

झोप बुझ में होटलों व टाकरिया बस्ती का मलमूत्र युक्त गन्दे पानी को तालाबों प्रवाहित पर रोक हेतु

शहर के विभिन्न दुर्घटना कारित होने वाले ब्लेक स्पोट चौराहे के चौड़ीकरण शहर में दिनों दिन फलफूल रहे ड्रग्स माफिया के खिलाफ कार्यवाही करने अबुर्दा गोशाला को निजी संस्थान के हवाले करने के बावजूद बेसहारा पशु नन्दी द्वारा लोगों को नुकसान देने पर बेसहारा गोवंश गोशाला में भेजने शहर में बिना पार्किंग सैटबैक वाटर हार्वेस्टिंग फायरफाइटर जनसुविधाओं को नजरंदाज कर नियमों विरुद्ध बन रहें कोम्प्लेक्स पर कार्यवाही हेतु शहर के तालाबों एवं बहाव क्षेत्र से अतिक्रमण झाड़ियां हटाने दृष्टिहीन कांतिलाल सैन पिछले एक साल से बंद पेंशन के लिए दर दर की ठोकरें खाने के संबंध मे अवगत कराया गया एवं निराकरण की जानकारी चाही गई मामावली निवासी कांतिलाल सैन पिछले एक साल से बंद पेंशन के लिए विभिन्न विभागों ईमित्र पर चक्कर पर चक्कर लगाने जिला कलेक्टरों संम्भागीय आयुक्त के संज्ञान में लाने के बावजूद दृष्टिहीन को पेंशन नहीं मिल पा रही जिस जिला कलेक्टर ने शीघ्र राहत देने का आश्वासन दिया नियमों विरुद्ध बिना पार्किंग सैटबैक वाटर हार्वेस्टिंग फायरफाइटर एवं सड़कों पर सिढियो बनाकर बन रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साथ कलेक्टर के संज्ञान में लाया गया कि संम्पूणार्नंद कोलोनी में जो मास्टर प्लान जोनल प्लान में आवासीय क्षेत्र है वहां आवासीय निर्माण स्वीकृति लेकर कोम्प्लेक्स निर्माण किया जा रहा है कलेक्टर आयुक्त आशुतोष आचार्य से इस संबंध में जानकारी चाही तो आचार्य ने बताया की वहा आवासीय निर्माण स्वीकृति में कोम्प्लेक्स बन रहा है जिला कलेक्टर ने आयुक्त को निर्देश दिए कि आमजन को परेशानी में डालकर सड़क पर कोम्प्लेक्स के हो रहे अवैध निर्माण और नियमों निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करें

तालाबों से अतिक्रमण एवं बहाव क्षेत्र को सुरक्षित रखने सहित झोप बुझ के जरिए तालाबों में जा रहे गन्दे पानी की रोकथाम के लिए कारगर उपाय करने के निर्देश दिए ड्रग्स के बारे में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार्यवाही निरंतर जारी है और इसमें तेजी लाई जाएगी

बेसहारा पशुओं को गोशाला में भेजने के निर्देश दिए अब देखना होगा कि जिला मुख्यालय पर उच्च अधिकारियों की जनसुनवाई में जनहित की समस्याओं का निराकरण होता है या समस्याएं जस की तस कागजों की खानापूर्ति बनकर रह जाती है!







# सर्वशिव काम्पलैक्स एंड अपार्टमेंट के अंडर ग्राउंड पार्किंग की जगह पर बनाई दुकानो को किया सीज

## अधिकारी ने पानी की टंकी हटाने के वक्त धमकी दी थी उल्टी गिनती शुरू

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज** नगर पालिका ने आखिर में सीज कर दिया काम्पलैक्स के अंडर ग्राउंड पार्किंग की जगह पर दुकाने बना दी थी क्योंकि इस काम्प्लैक्स में 50 से 60 दुकान वह आसपास में सैकड़ो दुकान है उसके बाद काम्पलैक्स मालिक ने पूर्व नेताओं के सहयोग से बनाया जा रहा कामपलैकश हो सकता है की नेताजी की इसमें भागीदारी भी हो इसलिए इस काम्प्लैक्स का निर्माण कितना अवैध हुआ उसके बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं करना मतलब क्या चेटिंग चली है क्योंकि कुछ दिन पहले इसके बहार फुटपाथ पर बनी पानी की टंकी को पालिका प्रशासन ने तोड़ा जब पालिका का पीला पंजा चला वहां पर एक साधु जो खुद को एक बड़ा नेता है जो पहले कांग्रेस में थे अब भारतीय जनता पार्टी में आगे क्योंकि वह पहले विधायक के खास आदमियों में गीना जाते थे इसलिए लोगों को दादागिरी करके वह पालिका में अधिकारियों को दबाकर उल्टा सीधा काम करवा दिया इस काम्प्लैक्स में वाणिज्य शुल्क लेकर भी बड़ी गड़बड़ी की है क्या पालिका प्रशासन अब कारवाई करेगी या काम्पलैक्स को सीज करेगी या अभी चलेगा क्योंकि पालिका प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारी करवाया पुरानी सरकार जैसा ही है क्योंकि अभी नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस के है कांग्रेस वाले उनके जैसी है क्योंकि उन्होंने मे कोई चेंज नहीं किया सरकार बदली है रिवाज नहीं बदला है इसलिए अब तुरंत ही ऐसे भ्रष्टाचारियों को विरुद्ध कार्यवाही कर जो इस काम्प्लैक्स में कमी है सरकार को करोड़ों का चूना लगाया वह वसुल करना चाहिए क्योंकि पालिका प्रशासन में जो आज काम किया ऐसा काम कभी नहीं कर सकता क्योंकि पालिका प्रशासन जब टंकी तोड़ने गई वहां पर सफाई निरीक्षक को भारतीय जनता पार्टी के साधु जिसका नाम उसने अधिशाषी अधिकारी को धमकी दी थी कि अब तुम्हारी उल्टी गिनती चालू हो गई उसके बाद भी 5 दिन जाने के बाद भी उलटी गिनती काम नहीं आई तो इस अधिकारी ने उसे धमकी के आड़ में या धमकी के गुस्से में इस काम्प्लैक्स का अंडर ग्राउंड पार्किग नियमों अनुसार सीज किया है क्योंकि काम्पलैक्स का निर्माण नियमों के विरुद्ध हुआ था अगर पार्किंग भी बनाई है तो गाड़ी कहां से जाएगी और कहां से बाहर आएगी क्योंकि पास में पड़ी जमीन वह भी इसकी है या तो उसमें पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे गाड़ी अपनी है पर इस अंडर ग्राउंड के बने आगे दीवार को तोड़कर वापस बड़ी रैंपिंग बनानी पड़ेगी जिससे गाड़ी आती जाती रहती है क्या पालिका प्रशासन अब कारवाई करेगी आज सुबह की 10 दुकानों को सीज कर दिया गया पालिका प्रशासन के सफाई निरीक्षक नरेश कुमार डागी वह वीरेंद्र सिंह राणावत सहित जमादार और कर्मचारियों ने एक साथ जाकर पहले जितनी दुकानों पर शटर लगवाएं उनमें ताला लगवाना उसे सील करना फिर जो दुकान है खुली पड़ी है उसमें लोहे की चद्दर लगाकर सीज करना वह नोटिस ससपा कार्रवाई करना तब जाकर ही प्रशासन की सीज की कारवाई होगी क्योंकि शिवगंज नगर पालिका ने पहले भी चार-पांच काम्पलैक्स का एक होटल को सीज किया था सभी सीज की कार्रवाई धन के बल पर खुली है एक भी नियम के अनुसार नहीं हुआ कारवाई क्योंकि दुकानदारों का सीज करना की जान लेने के बराबर है क्योंकि धन के बल पर ही इस सीज की कार्रवाई होती है

## पालिका प्रशासन पर सवाल इतना बडा निर्माण होने के बाद किया सीज का अंडरग्राउंड में बनाई दुकाने क्यू नही हटाई गई





## पूर्व मे सीज किए काम्पलैक्स को नियमों के विरुद्ध खोले थे अब इसकी सीज ऐसे खुलेंगी दुकाने टुटेगी या पार्किग वयवस्था होगी





क्योंकि नगर पालिका के डायरेक्टर मुख्य निर्देशक स्वायत शासन विभाग जयपुर के अधिकारियों ने पहले धन लेकर राजस्थान में सैकड़ो सीज को खुलवाई थी करीब यह फंडा करोडों रुपए का था अधिकारियों ने करोड़ों रुपए की कमाई करके सब सीज की थी करवाई एक की भी नहीं होती सब सीज की है तो डीएलबी के अलावा अतिरिक्त निदेशक के अलावा कोई नहीं सीज खोल सकता चाहे जोधपुर में बैठे अतिरिक्त निदेशक या राजस्थान सरकार के पास चले जाए तो नियम तो डीएलबी ही खोल सकती है इसलिए अब इसकी जहां होनी चाहिए वह जो नियमों के अनुसार सीज किया तो उसे खोलना भी नहीं चाहिए दुकान बनाए गए दुकानों पर जो भी दीवार बनाई है वह दीवारों को तोड़कर अंतर पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए हम लोगों को न्याय मिलेगा वह पार्किंग की जगह पर पार्किंग रह जाएगी नहीं तो गाड़ियां सड़कों पर पड़ी रहेगी शिवगंज नगर पालिका में जब निर्माण स्वीकृति जारी करते हैं तब उसमें कामर्शियल काम्पलैक्स उसमें पार्किंग की व्यवस्था होती है पर पालिका कर्मचारी को पालिका के नेताओं व कर्मचारी की आपस में सेटिंग करके उस काम्पलैक्स मालिक को फायदा देने के लिए इस पार्किंग की जगह पर दुकानें बनाई जाती है जिसका भुगतान आज पूरा शिवगंज शहर कर रहा है क्योंकि शिवगंज में जहां पर देखो बाजार के अंदर मोटरसाइकिल कर अन्य गाड़ियां सड़कों पर खडी मिलेगी क्योंकि अगर पूर्व में सही ध्यान दिया होता तो आज यह समस्या नहीं आती क्योंकि सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है क्योंकि उन्होंने नहीं तो किसी भी जगह का पार्किंग के लिए कोई सेटिंग रखा है और शिवगंज नगर पालिका पुराना भवन के पीछे महावीर स्मृति कुञ्ज को जो करीब चार-पांच बिधी के अंदर बना उसमें भी पार्किंग व्यवस्था नहीं रखी गई है अगर पहले से इसकी निर्माण स्वीकृति जारी की होती तो पार्किंग व्यवस्था भी हो सकती थी शिवगंज का नाश करने वाले नेताओं ने शहर का सत्यानाश कर दिया अब इन नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए और शहर में बने बड़े-बड़े कांपलेक्सो जिसमें किसी में 50 ,100, 200, 300,500 दुकान है उन सभी में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कर सबको अंडरग्राउंड तोड़कर वहां पर पार्किंग व्यवस्था करनी चाहिए तभी इन लोगों को पता चल सके और यह लोग नेताओं से वसूली कर सके तभी पार्किंग होगी नहीं तो शहर की जनता भुगतेगी क्योंकि शहर में जब से यह बोर्ड बना और पूर्व विधायक ने 7/8 काम्पलैक्स वह एक होटल को सीज किया था उनके विरुद्ध कार्यवाही नहीं होती थी फिर भी इन को सीज किया फिर खोल कैसे दिया सिर्फ धन के बल पर पहुंचने नेताओं के यहाँ चक्कर काट कर नेताओं ने पैसों के बल पर समझौता करवा कर सब की सीज की कार्रवाई खुल गई लाखों के लिए सीज खुलवाने पर इसी तरह अब भी यही कार्यक्रम तो नहीं है क्योंकि काम्पलैक्स का मालिक और उसके चेहते दोस्त भाजपाई है उन भाजपाईयों की वजह से आज इस काम्प्लैक्स को सीक नहीं किया क्या अब कार्रवाई होगी या ऐसे ही धन लेकर सीज खोल देंगे सफाई निरीक्षक का क्या कहना हमारे अधिशाषी अधिकारी आदेश दिया की जो यह काम्पलैक्स बना हुआ है उसको सीज की कारवाई करनी है मौके पर गए तीन दुकानों के लोहे के शटर लगे हुए थे बाकी सभी बिना शटर की थी वहां पर लोहे की चादर से फिट कर उनको पक्का पैक किया नगर पालिका ने खुद के ताले लगवाएं और मालिक को पाबंद किया की बिना स्वीकृति खोले गए तो आपके विरुद्ध कानून कारवाई की जाएगी नरेश कुमार डागी सफाई निरक्षक नगर पालिका शिवगंज क्या नगर पालिका अब शिवगंज में बाकी काम्पलैक्स पर भी कार्रवाई करेगी इसी काम्पलैक्स के पिछली वाली रोड पर बनी हुई दुकानों का निर्माण भी नियमों के विपरीत हुआ है इसके निर्माण स्वीकृति भी नहीं है उसके बाद भी उन्होंने तीन मंजिला बना दिया क्या पालिका आप उनको भी सीज करेगी देखते हैं इसी तरह शहर के हर गलियों में लगे लोहे के शटर की वाणिज्य शुल्क वसूला जाए जिससे नगर पालिका की आय बढेगी शहर का विकास हो सकेगा शहर की पालिका को नेताओं ने ऐसे ही कंगाल करके छोड़ दिया है अब बिना स्वीकृति से बने काम्पलैक्स बन रहे वाणिज्य काम्प्लैक्स हो कई जगह पर बनी दुकान जिसकी निर्माण स्वीकृति भी नहीं है वाणिज्य शुल्क भी नहीं भरा हुआ है उन सभी की जांच करवा कर सबसे पैसा वसूला जाए तब जाकर नगर पालिका के आय अरबों रुपए में होगी और सरकार जो विकास से वंचित हैं उसका विकास हो जाएगा नहीं तो पालिका में बैठे नेताजी शब्द धन का बंटरबाट कर देंगे उनको तो खाली नगर पालिका में धन दिखता है कोटेशन पर बिल बनाना अवैध लाखो रुपए के बिल बना कर देना सिर्फ ठेकेदार अपने आदमियों को भुगतान कर देते हैं क्योंकि शहर की हर गलियों में पानी की लाइन सड़कों पर पड़ी हुई है जिसका बिल लाखों रुपए बाकी है क्योंकि काम हुआ नहीं और बिल उसका उठ जाएगा फिर नगर पालिका खाली ही रहेगी और नगर पालिका कोष का बटरबांट कर देंगे उसकी जांच करवा कर पालिका कोष को शहर के विकास के लिए लगाए तब जाकर शहर का विकास होगा तभी शहर में हर गलियों में निकाल सकते हैं नहीं तो जगह-जगह पर खड्डे हुए लोग पैदल भी नहीं चल सकते हैं तो गाड़ियां लेकर कैसे चलेंगे तुरंत ही सडकों को सुधारना आवश्यक है जैसाराम माली पूर्व पार्षद नगर पालिका शिवगंज

शिवगंज शहर के मुख्य सड़क पर बनाया गया यह विवादित काम्पलैक्स जिसके अंडरग्राउंड में बना दी गई दुकान है पार्किंग की व्यवस्था की गई थी नकशे में पालिका के कर्मचारी व सफाई निरीक्षक की आंखें बंद कैसे किया धन के बल पर बिके हुए हैं या बड़े नेताओं ने दबाव बना रखा था इन सभी की जांच करवा कर जो भी इस काम्प्लैक्स में दोषी है उनके विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए वह पार्किंग की जगह पर दुकान हटाकर पार्किंग व्यवस्था करनी चाहिए जिससे सड़कों पर गाड़ियां पड़ी नहीं रहे लोगों को गाड़ियां रखने की सुविधा भी हो जाए और लोग पैदल भी चल सके अगर तुरंत कार्रवाई नहीं की तो शहर में बड़ा आंदोलन होगा

**कमलसिंह चौहान उद्यमी एवं समाजसेवी गौरक्षक शिवगंज**

## जागनाथ महादेव मंदिर परिसर मे धर्मशाला का शिलान्यास आज

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज** श्री जागनाथ महादेव मंदिर परिसर में कल 23 नवंबर 2024 को धर्मशाला का शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया है उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के आपदा प्रबंधन एवं पंचायत राज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी एवं जालौर सिरोही सांचौर के सांसद श्री लुंबाराम चौधरी विशिष्ट अतिथि संत शिरोमणि श्री राजू गिरी महाराज वाण तथा भीड़ भनज न हनुमान मंदिर के महंत श्री शिवराम दास जी




के सानिध्य एवं उपस्थिति में धर्मशाला का भूमि पूजन कार्यक्रम ' आयोजन रखा गया है उपरोक्त कार्यक्रम मंदिर परिसर में अभिजीत



मुहूर्त 12:30 बजे से प्रारंभ होगा कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति भी उपस्थित रहेंगे आज आयोजित ट्रस्ट की बैठक में उपरोक्त कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई ट्रस्ट की बैठक उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल ग्वाला की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें श्री फुलाराम सुथार श्री भवरलाल मालवीय लोहार श्री प्रकाश ु३ श्री जयंतीलाल सोनी श्री जसराम कुमावत उपस्थित रहे ट्रस्ट के मंत्री गंगाराम गोयल ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त धर्मशाला के निर्माण पर करीब 1 करोड़ से ऊपर खर्च आएगा तथा तीन मंजिल लिफ्ट की सुविधा सहित धर्मशाला को पूर्णतया आधुनिक रूप प्रदान करते हुए ऐसी से सुसज्जित किया जाएगा जिसमें एक विशाल हॉल का निर्माण भी किया जाएगा धर्मशाला में शहर में खरीददारी हेतुआने वाले वह अन्य आम जनता की सुविधा को देखते हुए बहुत ही वाजिब दर पर कमरा उपलब्ध कराए जाएंगे भूमि पूजन कार्यक्रम में पुजारी पंडित श्री भंवरलाल त्रिवेदी मंत्रचार के साथ विधि विधान से पूजन कार्यक्रम संपन्न करेंगे

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर कारवाई करनी चाहिए

## विधानसभा लोकसभा चुनावों में नाम काटे गए है पर पालिका चुनावों में वार्ड गठन व वोटर लिस्ट की जाँच होनी चाहिए



कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
शासन सचिवालय, जयपुर
E-Mail: ceojpr-rj@nic.in, dyceo.store@gmail.com

क्रमांकः एफ.4 (2)( )प्रथम/निर्वा./2024/10482 दिनांकः 06-11-24

प्रेषकः– मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषितिः– सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः– नगर पालिका शिवगंज क्षेत्र की वोटर लिस्ट व वार्ड के गठन में हेराफेरी करने के संबंध में।

प्रसंगः– कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक 1407 दिनांक 04.11.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के माध्यम से श्री जैसाराम माली, शिवगंज, जिला सिरोही का विषयक शिकायती पत्र दिनांक 18.10.2024 विभाग को प्राप्त हुआ है। उक्त शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग से संबंधित होने के कारण मूल ही आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित हैं।

संलग्न :–उपरोक्तानुसार।

भवदीय
(सोमदत्त दीक्षित)
उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ.4 (2)( )प्रथम/निर्वा./2024/10482 दिनांकः 06-11-24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैः–
1. उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नई दिल्ली।
2. श्री जैसाराम माली, शिवगंज, सिरोही 307027 (मो.नं. 08000611074)।

उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान, जयपुर

नमस्ते राजस्थान

***शिवगंज*** *मुख्य निर्वाचन अधिकारी शासन सचिवालय जयपुर ने सचिव राज्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर को पत्र भेजकर नगर पालिका शिवगंज की वोटर लिस्ट वार्ड के गठन में हेरा फेरी करने संबंध में कार्यवाही करने के बारे में लिखा गया कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी नई दिल्ली का पत्र क्रमांक 1407 दिनांक 4- 11-24 को पत्र प्राप्त हुआ जो निवेदन किया गया है कि जैसाराम माली शिवगंज जिला सिरोही का आयोग को शिकायत पत्र दिनांक 18 -10 -2024 विभाग को पत्र प्राप्त शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग से संबंधित होने के कारण मूल की आवश्यक कार्यवाही हेतु स्लगन कर प्रेषित किया गया शहरी नगर पालिका चुनाव की तैयारी चल रही है वह यहां पर वालों में बीएलओ द्वारा हेरा फेरी की जा रही है हर वार्ड में कुछ न कुछ हेरा फेरी करना चुनाव करवाने में बड़ी ही धांधली नजर आ रही है क्योंकि पूर्व सरकार के विधायक द्वारा अपने चेहतो वह बहारी लोगों के नाम रखना भाजपाईओ व ओरिजिनल वोटर से नाम कटौती करना यहां से कई साल पूर्व लोग अपना घर बेचकर जाने के बाद भी इन्होंने यहां से नाम नहीं काटा इसका मतलब चुनाव में धांधली नजर आ रही है क्योंकि इन्होंने तो हद पार कर दी बांग्लादेशी वह रोहिणीओ के भी नाम शिवगंज में लिखे गए हैं श्रीमान यहाँ के निवासी भी नहीं है उसके बाद भी उनके नाम शिवगंज शहर में चल रहे या पर कुछ चेहते लोग अपने वोटरों के चक्कर में वोटर लिस्ट प्रभावित कर रहे हैं लोगों के साथ भेदभाव कर रहे हैं जो ओरिजिनल वोटर हैं उनके नाम नहीं जोड़े जा रहे हैं और जिनका नाम इधर है ही नहीं मकान बेचकर 7 या 8 साल पहले यहां से चले गए सिरोही जिले में भी नहीं रहते उनके नाम भी आज चल रहे हैं यह बीएलओ क्या कर रहे हैं क्यों नहीं कारवाई कर रहे हैं अधिकारीओ को कई बार मौखिक व लिखीत शिकायत करने के बाद मौखिक लिखित देने के बाद भी नाम नहीं काटना मतलब कांग्रेसियों का वोटर ही रखना भाजपाइयों के वोट से नाम काटना कितना सही वह कितना गलत है इन सभी की जांच होनी चाहिए कई लोगों की मृत्यु हो गई शादियां हो गई उसके बाद भी नाम यही चालू है क्या मतलब क्योंकि शहरी बीएलओ लापरवाह है इन सभी की जांच उच्च स्तरीय होनी चाहिए वह विभागीय कार्रवाई होगी तब जाकर चुनाव निष्पक्ष होंगे नहीं तो इसमें भी भेदभाव नजर आएगा जैसाराम माली ने बताया कि शहर की हर वोटर लिस्ट में फर्क है क्योंकि राजपूत वास वह सुथारो का वास का वोटर अगर गोकुलवाडी में वोटिंग करने जाएगा तो वह कितना परेशान होगा अगर उसका उसके पास बुथ दादा वाडी स्कूल का भाग होने के बाद भी उनका नाम गोकुलवाडी में बोला जाता है सुथारो का वास शीतला माता गली राजपूत का वास के वोटर जो मकान बेचकर कई साल पहले यहां से चले गए थे उसके बाद भी उनका नाम आज भी यहां पर रखना कितना निष्पक्ष होगा चुनाव इनकी जांच होनी चाहिए वह इन बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई करवा कर नए बीएलओ लगवाने की कार्रवाई करावे तब जाकर निष्पक्ष चुनाव होंगे क्यू की विधानसभा लोकसभा चुनावों में हजारो की संख्या में वोटरों के नाम काटे गए है ।*

### रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के रेंजर की हार्टअटैक से मौतः

## रेलवे स्टेशन के पास बिगड़ी तबीयत, गांव से सवाई माधोपुर आए थे

**सवाई माधोपुर**

रणथम्भौर नेशनल पार्क के विस्थापन शाखा में कार्यरत रेंजर राम नरेश गुर्जर का आज हार्टअटैक से निधन हो गया। जिससे रणथम्भौर टाइगर रिजर्व कार्यालय में शोक छा गया। सवाई माधोपुर जिले के कोथाली गांव के निवासी राम नरेश गुर्जर रणथम्भौर टाइगर रिजर्व की विस्थापन शाखा में रेंजर के पद पर कार्यरत थे। रामनरेश रोजाना अपने गांव से सवाई माधोपुर आते थे। वे गांव से सवाई माधोपुर तक डेली अप डाउन करते थे। रोजाना की तरह आज भी वे ट्रेन से सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन उतरे थे। जिसके बाद रेलवे स्टेशन के समीप बैठ गए और बैठे-बैठे ही रामनरेश अचेत हो गए।? उनके अचेत होने से? मौके पर ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोग रामनरेश गुर्जर को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां से अपेक्स रणथम्भौर सेविका अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव को फिर से जिला अस्पताल लाया गया। घटना पता चलते ही वन विभाग का स्टाफ जिला अस्पताल पहुंचा। प्राइमा फेसी बहुत ज्यादा ब्लडप्रेशर बढ़ जाने के कारण रामनरेश गुर्जर की मौत का कारण बताया जा रहा है। वन विभाग की ओर से घटना की जानकारी परिजनों को दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

# शिवगंज मे दो दिवसीय विकसित भारत 2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक-- जिला प्रमुख

**नमस्ते राजस्थान**

**शिवगंज** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी पर आधारित विकसित भारत @ 2047 मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय,शिवगंज मे केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार,सिरोही द्वारा आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित,जिला परिषद सदस्या पदमा मीणा, पूर्व सरपंच व प्रधान प्रतिनिधि बिशन सिंह देवड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र गोयल, दिनेश बिंदल, रामचंद्र रावल, लुंबाराम मेघवाल, सोनाराम कुमावत,भीक सिंह भाटी, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गणपत सिंह देवड़ा, सहायक विकास अधिकारी मोहन लाल ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पेरिस 2024 पैरालंपिक व चंद्रयान 3 इसरो की उपलब्धियां पर






जानकारी प्रदान की । उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी से प्राप्त जानकारी को आगे तक पहुंचाएं जिससे योजनाओ की जानकारी आम जन तक पहुंच सके और योजनाओं से लाभान्वित हो सके सहायक विकास अधिकारी मोहनलाल ने पीएम आवास योजना व स्वच्छ भारत मिशन पर जानकारी प्रदान की गई। लीड बैंक सिरोही के वित्तीय साक्षरता सलाहकार दिनेश खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना पर जानकारी प्रदान की। सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र रावल ने कहां की यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जीडीपी व बुनियादी ढांचे में निरंतर विकास हो रहा है। जिस देश विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है। पूर्व




सरपंच कैलाश नगर व प्रधान प्रतिनिधि बिशन सिंह देवड़ा,सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र गोयल, दिनेश बिंदल, लुंबाराम मेघवाल,भीक सिंह भाटी, गणपत सिंह देवड़ा ने विकसित भारत @2047 पर विचार रखें। इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। कार्यक्रम के दौरान निबंध, पेंटिंग व मौखिक प्रश्नोत्तरी के विजेता प्रतिभागियो को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान लोक कला मंडल,बाड़मेर के पंजीकृत दल द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत व विकसित भारत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। केंद्रीय संचार ब्यूरो,सिरोही के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने अतिथियों का स्मृतिचिह्न और बुके देकर स्वागत किया। गहलोत ने विकसित भारत @ 2047 प्रदर्शनी कार्यक्रम व विभिन्न योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। प्रधानाचार्य महिपाल दवे ने सभी अतिथियों व कार्यक्रम आयोजक का आभार व्यक्त किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर हेल्थ कैंप लगाया गया। कृषि विभाग,आयुर्वेद विभाग, पंचायत समिति के द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक निदेशक कृषि विस्तार डॉ पन्नालाल चौधरी, डॉ पवन कुमार बेडिया, सहायक कृषि अधिकारी संजय कुमार गर्ग, डॉ प्रकाश कुमार नोगिया,दिनेश परिहार, करण सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

## हाथीपोल सनातन धर्म की जमीन को बेच दिया गया है

# भगवान श्रीराम परिवार का सैकडों साल पुराना मंदिर के पास धर्मशाला जो सनातन धर्म की थी उसमे पहले हांथी व महाराज रहते थे

## शहर के कुछ भूमाफियाओ ने अन्य लोगो को बेच दी रजिस्टेशन व पट्टा खारिज करने की माँग

**नमस्ते राजस्थान**

## हाँथी के रहने का निवास सनातन धर्म के साधुओं का निवास एक अन्य समुदाय के बडे लोगों ने बडे लोगों को बेच दी

**शिवगंज** नगर पालिका क्षेत्र के छिपा वास श्मशान घाट चबूतरे के सामने वह श्री राम भगवान मंदिर के पास हाथी पोल धर्मशाला हिंदू धर्म की थी उसमें पूर्व में जब हाथी शहर में आते थे तब उस दरवाजे के अंदर हाथी को बांधकर वहां पर साधु संत महात्मा रहते थे उस धर्मशाला के अंदर के साधु संत कई सालों तक रहे वह हिंदू धर्म के मुख्य आस्था की धर्मशाला थी पर कुछ दिन पहले यहां के सेठ लोगों ने जो अन्य समाज को यह धर्मशाला संभालने के लिए दिया होगा या आप इसे संभालिए उस धर्मशाला को इन लोगों ने बेचकर वहां पर बड़े-बड़े काम्प्लैक्स बनाने की तैयारी चल रही है हिंदू धर्म के लोगों को बात का पता नहीं की अपनी धर्मशाला तो बिक गई है हाथी पोल धर्मशाला बहुत ही बड़ी है आगे से करीब 80 फीट चौड़ी पीछे लंबी 300 फीट जो करोड़ों रुपए में बेची गई है क्योंकि यह हिंदुओं के आस्था का एक प्रतीक था यहां पर हमेशा पहले एक समाज के लोगों पर विश्वास किया जाता था और वह समाज इन्हीं चीजों को संभाल करते थे वह उनमें कोई काम का जो तो वह लोग करते थे जैसे शिवगंज की शमशान घाट भी शहर का पैचके पर व पास की हनुमान मंदिर की धर्मशाला की जमीन पर कब्जा कर दिया है यह माली समाज के लोगो के नाम की है वह लोग सम्भाल करते है घाचीओ की बगीची अंबे माता की बगीची सब इन लोगों को संभालने के लिए दी हुई थी पर इन्होंने तो यह जमीन आगे के आगे बेचकर करोडों रुपए की चांदी कर दी जो एक हिंदू धर्म के आस्था पर बड़ी चोट है हिंदू हमेशा विश्वास करता है सनातन धर्म हमेशा एक दूसरे के साथ रहा है उन्होंने कभी इस समाज को दूसरा नहीं समझा और विश्वास पर इन लोगों को संभालने के लिए दिया हुआ था यह जमीन करोडों रुपए की जमीन है भाई जमीन के भाव को देखते हुए इन लोगों ने बेचकर वहां पर बड़ा काम्पलैक्स बनाने की तैयारी चल रही है कुछ दिन पहले इसकी रजिस्ट्री हो गई वह पट्टा भी बना दिया गया क्या करें शहर की शिव नगरी की जनता बड़ी शांत है इनको जागना पड़ता है यह जागते नहीं है जब जागते तब शिवगंज की जनता किसी को भी नही छोडती है ऐसे ही कुछ माह पहले बाबा रामदेव मंदिर के सामने बड़ी दीवार के अंदर जमीन जो बाबा रामदेव मंदिर के आरक्षित थी पर वहाँ मेले मे भोजन प्रसादी के लिए वह जमीन का उपयोग करते





थे पर पालिका प्रशासन ने एक अन्य समुदाय को पट्टा देने के लिए तैयार हो गए थे फिर शिवगंज शहर पूरा एकत्रित होकर बाजार को बंद रखा बड़े अधिकारीओ तक ज्ञापन दिए फिर पालिका की मीटिंग खारिज करवाई तब जाकर मामला शांत हुआ और उस को जमीन का दूसरों के नाम करने पर रोक लगा दी गई थी पर हो सकता है अंदर ही अंदर इन लोगों ने उसे जगह को अन्य समुदाय के नाम नहीं की हो इसकी जांच होनी बहुत जरूरी है आगे चुनाव के बाद जांच करवाई जाएगी क्योंकि अब तो नगर पालिका सूचना अधिकार में सूचना ही नहीं देती है इसलिए पता ही नहीं चलता कि उन्होंने अवैध काम और क्या-क्या किया गया जल्दी ही सरकार बनते ही पहले उसकी जांच करवाई जाएगी जिससे सब पता चल जाएगा कि इस पालिका बोर्ड ने कितने उल्टे सीधे काम किया यह हाथी पोल धर्मशाला दरवाजा का भी पट्टा बना दिया गया होगा इसकी जांच बहुत जरूरी है क्योंकि यह बड़ी हिंदू समाज के धर्म पर बड़ी चोट है क्यों पैसा कमाने के चक्कर में जमीन को ही बेच दी है ईन लोगों ने जो सरासर गलत काम किया है इसकी जांच होगी तब जाकर पता चलेगा कि किसने क्या उल्टा सीधा काम किया क्योंकि पालिका में जब भी मैं मांगी जाती है सूचना अधिकारी अधिनियम के तहत तब सूचना उपलब्ध नहीं करवाई जाती है ऐसे ही शिवगंज शहर में कई उल्टे सीधे काम और हुए जो सनातन की जमीन बेचकर लोग खा गए ऐसे ही अंबे माता की बगीची जो एक बीघा 16 विश्वा भूमि अंबे माताजी के नाम से बगीचा के नाम से आरक्षित थी उसको भी बेच कर यह लोग खा गए उसका भी पट्टा भी इन लोगों ने जारी करवा दिया जो नियम अनुसार गलत है क्योंकि अंबे माता का मंदिर उसी के पास यह बगीचा राजा महाराजा द्वारा उस जमीन को दान मे दिया गया था जो बगीचे के नाम का अंबे माता के लिए आरक्षित था पर इन लोगों ने उसको भी बेच कर खा गए ऐसे गांव की धाचिओ की बगीची जो एक बड़ी बगीची थी उस बगीची को पहले जागनाथ महादेव व केलेश्वर महादेव द्वारा संचालित की जाती थी इस बगीची की आय से इन दोनों मंदिर की पूजा पाठ वह पुजारी का खर्च निकलता था पर यहां पर सेठ लोग बहुत शहर के कुछ सेठ लोग सब उल्टा सीधा काम करके सनातन धर्म की जमीन अपने नाम पर करवाकर वहां पर बड़ी-बड़ी धर्मशाला बना दी गई और उसके अंदर को जो रास्ता गुजर रहा था उस रास्ते बीच जाकर उसके बीच में भी बड़ी धर्मशाला बना दी ऐसे ही इन लोगों ने नगर पालिका की जमीन को भी नहीं छोड़ा शहर में और जगह पर भी जो हिंदू धर्म की जमीन पड़ी थी उस बड़ी समुदाय ने कब्जा कर इसे बेच दिए क्योंकि यह पैसा वाला समाज जो है उस समाज के लोगों द्वारा पैसा खिलाकर भी उल्टे सीधे काम करवा दिए जब बगीचा और धर्मशाला की जमीन एक ट्रस्ट की जमीन होती है उस जमीन को आगे नहीं बेच सकते जमीन को भी बेचकर सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुँचाई गई ईनको चाहिए की इसके लिए एक बड़ा आंदोलन खड़ा करना पड़ेगा जो इतिहास की बड़ा अभियान चलाया जाएगा क्या करें शिवगंज शहर के बड़े नेता व पालिका अध्यक्ष शिवगंज का वह पालिका में पार्षद के सामने नहीं बोल सकते इसलिए सभी उल्टे सीधे काम करवा कर अपना फायदा उठाने की कोशिश करते हैं शिवगंज शहर में और जगह पर भी जो एक राजा महाराजाओं के टाइम का शौचालय बना हुआ था वह शौचालय को तोड़कर भी उसे कब्जा करने की कोशिश हो रही है वह जमीन आज खुली पड़ी है क्योंकि शौचालय तोड़कर जमीन को समतल तो कर दिया उन्होंने कभी भी कब्जा कर सकते हैं खसरा संख्या एक सौ इकतीस रकबा पाँच बिस्वा भूमि है लाखों की है ऐसे शहर के कोई इतिहास की और इसकी जांच करवा दो फिर उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए गौशाला की जमीन को भी इन लोगों ने खरीद कर या कब्जा करके वहां पर अपनी बड़ी-बड़ी धर्मशाला बना दी बहुत जमीन को बेचकर वहां पर कॉलोनी है फ्लैट और दुकान काटकर बेचने की प्रयाग में है क्योंकि गौशाला भी सनातन धर्म की है व शिवगंज शहर की है गौमाता की रक्षा के लिए होती है गौशाला की जमीन बिक नहीं सकती और पूर्व में पदाधिकारी का होना या तो बेचा गया या इन्होंने ले ली उसका पता नहीं है की क्या हुआ है इसकी भी जांच करवानी आवश्यक है की शहर की बै कीमती जमीन है पर उनकी नजर रहती है उस पर कब्जा करने के प्रयाग में हमेशा यह लोग रहते हैं इनके विरुद्ध कारवाई होनी चाहिए वह हाथी पोल को हाथियों के लिए आरक्षित रखना या हिंदू समाज के मंदिर के लिए धर्मशाला बनाने के लिए उस जमीन को आरक्षित रखना आवश्यक है क्योंकि पास में श्रीराम भगवान परिवार का बहुत साल पुराना मंदिर है वहां पर आज भी कई लोग आते जाते हैं और भक्तों की भीड़ लगी रहती है ऐसे ही पीछे भी जमीन पड़ी है जो सनातन धर्म की है उस पर भी किसी समुदाय ने कब्जा कर वहां पर बगीचा बनाकर फायदा उठा रहे है व शहर के पेचके की जमीन पर कब्जा कर लिया है ईस पेचके से शिवगंज बाजार पानी पिता था वो भी बंद कर दिया है यह जमीन अरबों रुपये की है ईसमे एक बहुत पुराना हनुमानजी का भव्य मंदिर भी है व एक पुरानी धर्मशाला है व एक नई बनाई गई है जो यह जमीन मुख्य बाजार मे होने से सबसे महंगी जमीन है पुरानी जमीन जो उसके कागज ईनके पास रखे होगे या गिरवी रखे होगे इसलिए जो महंगी व बडी जमीन पर इनकी नजर व ईनका कब्जा किया हुआ है फिर बेचकर फायदा उठाते है पर यह सभी धर्म की जमीन नही बेच सकते नही बिक सकती है और यहाँ के कुछ लोग ही ऐसा क्यों करते हैं क्योंकि इनके नेता एक ही होने से महंगी जमीनों पर कब्जा कर फायदा उठा रहे हैं

**ईनका क्या कहना है**

शिवगंज नगर क्षेत्र के छिपा वास के भगवान श्रीराम परिवार मंदिर के पास पडी सैकडों साल पुरानी हाथी पोल धर्मशाला को आगे बेचकर करोडों की चाँदी कर दी है यह सनातन धर्म की धर्मशाला की रजिस्टेशन कैसे हो गया और इसका पट्टा बन नही सकता कैसे बनाया कितना भष्ट्राचार हुआ होगा आप जानते हो इसका रजिस्टेशन व पट्टा खारिज करना चाहिए नही तो बडा आदोलन होगा

**प्रवीण परमार समाजसेवी शिवगंज**

शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र में अरबों की जमीन पर ईन लोगो की नजर है जो यह सनातन धर्म की धर्मशाला व जमीन बिक नही सकती फिर भी बेच भी दी रजिस्टेशन व पट्टा भी बन गया यह कितना बडा फजीर्वाडा किया होगा कितना बडा भष्ट्राचार हुआ होगा इसकी उच्च स्तरीय जाँच होनी चाहिए जिससे पता चल जाएगा की आगे कोई और फजीर्वाडा नही कर सके व मंदिर व धर्म की जमीन नही बिक सकती है कैसे बिकी जाँच करवाई जाएँगी

**जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एव वन विकास समिति शिवगंज**

हाँथी पोल दरवाजा जो एक बड़ी जमीन सनातन धर्म की थी वहां पर साधु संत हाथियों के साथ रहते थे शहर के कुछ भूमाफियाओ ने मिलकर एक बड़े समुदाय के लोगों ने अन्य नेताओं को बेचकर अपना घर भर दिया वह साधु संतों को सनातन धर्म के साथ भेदभाव कर सनातन धर्म का नुकसान किया क्या यह जमीन का रजिस्ट्रेशन खारिज होगा इसका पट्टा फर्जी बनाया गया तो तुरंत खारिज करना चाहिए

सीमा देवी माली पार्षद नगर पालिका शिवगंज

# इंद्रलोक कॉलोनी के निवासी विकास से वंचित पालिका द्वारा अवैध वसूली करके लोगों को बीमारी का न्योता देते

**बडे फ्लेट बनाकर उसमे पार्किंग की जगह पर अतिक्रमण करके बेच दी लोगो को सुविधा से वंचित रखा जा रहा है**

**शिवगंज** शहर के नजदीक रिको के पास इंद्रलोक कॉलोनी जो पालिका द्वारा स्वीकृत हुई थी और एसटीपी जोधपुर ने स्वीकृत की थी उसके बाद ईसके मालिक की आदतें देखो और इस कॉलोनी का हालत देखो ऐसा लगता है कि यह कॉलोनी नहीं एक बीमारी का घर है या आज हर गली में वाणिज्य फैक्ट्री गोदाम व वाणिज्यिक दुकाने चल रही है ईसी के बीच में एक 6 मंजिल फ्लैट बने हुए जो कभी भी गिर सकते हैं बडा महादशा हो सकता है यह बिल्डिंग छडनी चालू हो गई है जो कभी भी बड़ा हादसा जनहानी करवा सकता है इस बड़ी बिल्डिंग के अंदर नहीं तो पार्किंग व्यवस्था है और नहीं सुरक्षा नाम की कोई चीज है खाली धन कमाने के चक्कर में इस बिल्डिंग को खड़ा किया और लोगों के साथ बड़ा धोखा किया हो सकता है इस बिल्डिंग में बहुत कमी हैं पर पालिका को तो लाखों का चूना लगा दिया उन्होंने इस बिल्डिंग बनाने की स्वीकृति ग्राम पंचायत केसरपुरा से ?500 की रसीद कटवा कर वह ऊपर कुछ रिश्वत देकर निर्माण स्वीकृति लेकर यह बिल्डिंग बना दी पर पालिका को तो लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा दिया और नहीं किसी प्रकार का नियम कानून कायदा रखा गया नहीं इसमें साइड बैक छोड़ी गई नहीं किसी प्रकार की सुरक्षा और नहीं बाहर से ऐसी कोई चीज अच्छी नही है जिससे बड़ी जनहानी की जा सके ज्यादातर बालकनी इसकी कवर नजर आई उसके बिल्डिंग के फ्लैट तो छडनी भी चालू हो गई है इसके कुछ दिन बाद यह पूरी बिल्डिंग नीचे गिर जाएगी और बड़ा हादसा करवा देगी पर पालिका प्रशासन तो इन धन्ना सैठो पर मेहरबान है इसलिए इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती और पालिका को हर कोई चूना लगा कर चला जाता है फिर बाद में उनके विरुद्ध कारवाई का लिखो तो कार्रवाई होती नहीं है यह एक रहवासी आवासीय कॉलोनी है और इस आवासीय कॉलोनी में एक भी आवासीय मकान नहीं बना हुआ है सभी फैक्ट्रियां गोदाम दुकानें बनी हुई है इस कॉलोनी से पालिका को भू रूपांतर का करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है और निर्माण तो फजीर्वाडा कर बढ़ा दिया गया ईसी रिको के मुख्य सड़क पर सड़क पर लगातार बड़ी-बड़ी दुकाने परिसर वह दूध डेरी वह फैक्ट्री चालू है यह मुख्य सड़क है इसके बाद भी किसी को पता नहीं यहां पर वाणिज्य निर्माण कराकर दुकान निर्माण चालू है और पालिका को हर कोई चूना लगा कर चला जाता कुछ महीना पहले एक बडे काम्पलैक्स का कार्य रुकवाया गया था पालिका द्वारा और पालिका में कुछ अधिकारी ऐसे बैठे हैं जिन्होंने धन लेकर उस काम्पलैक्स का निर्माण भी पूरा करवा कर पालिका को लाखों रुपए का चूना लगा दिया इसी के पास में रीको इंडस्ट्रीज एरिया है वह पास में राजेश सॉल्वेकस प्रा लिमिटेड का गंदा पानी व धुएँ से प्रदूषण फैलाने व इसी कॉलोनी के अंदर डालकर यहां फ्लैट में रहने वाले लोगों को बीमार होने का डर बना रहता है और दुकानों में निवास करने वाले लोग बीमार न पड़ जाए और बबूल के पेड़ इतने बडे खडे हैं कि वहां पर कभी कोई जाकर छुप कर बैठा फिर रात में कोई लूटमार कर ले तो उसका जिम्मेदार कौन होगा पालिका प्रशासन को इस कॉलोनी के मालिक को पाबंद कर इसके विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए वह दोशीओ के विरुद्ध बिना निर्माण स्वीकृति से बंन रहे है वाणिज्यिक काम्पलैक्स मॉल वह दुकानों का कार्य रुकवा कर जो चल रहे हैं उन्हें सीज किया जाए जिससे पालिका कि आय डबल हो सके और शिवगंज शहर का विकास हो सके और इसी कॉलोनी के बहार वह इसी कॉलोनी के सड़क नाली पर रोड लाइट लगाई जा सके और पालिका के कुछ कर्मचारी तो यहां से पैसा वसूल करके चले जाते हैं और पालिका को विकास करने से वंचित रखा जा रहा है जिससे शिवगंज शहर का वातावरण खराब हो रहा है और मुख्य सड़क पर इसका गंदा पानी फैल रहा है वहां पर बड़े-बड़े खड्डे पड़ गए जिससे लोगों को चलने में परेशानी नहीं हो रही है और इसी कॉलोनी मालिक के विरुद्ध तुरंत मुकदमा दर्ज कर किसी कॉलोनी में ओपन लैंणड भूमि व फैसिलिटी ईडब्ल्यूएस एल आई जी के भुखंड व इनफॉर्मल के आरक्षित रखवा कर उसे पालिका द्वारा तारबंदी कर इस कालोनी निवासियों को के लिए सुविधा के लिए रखा जाना चाहिए और फैसिलिटी में हॉस्पिटल निर्माण स्कूल निर्माण सब इस कॉलोनी के अंदर ही होना चाहिए जिससे कॉलोनी में निवास करने वाले लोगों को फायदा होगा

## यहां के कोलोनी मालिक इस कॉलोनी में विकास नाम का कोई चीज है ही नहीं और सरकारी सुविधा की जमीन इस कॉलोनी का मालिक खा गया





### ईनका क्या कहना है

शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र में मास्टर प्लान के अंदर व विपरीत निर्माण हो रहे हैं आवासीय कोलोनी मे वाणिज्यिक फैक्ट्रीया व दुकाने गोदाम व आवासीय फ्लेट बनाएँ गएँ है जो नियम विरूध है पालिका कोष का लाखों का नुकसान पहुंचाने वालो के विरुद्ध कारवाई करनी चाहिए ईस कोलोनी मालिक के विरुद्ध कानुनी कारवाई करनी चाहिए व ईस कोलोनी को सीज करना चाहिए व यह पुरी जमीन पालिका के नाम मोटेशन दर्ज करवाना जिससे शिवगंज शहर की जनता को नुकसान नही पहुंचा सके कमलसिह चौहान समाजसेवी गौरक्षक शिवगंज

शिवगंज नगर के अधिकारी व कर्मचारी ने बडा पालिका कोष का लाखों का नुकसान पहुंचाने वालो के विरुद्ध कारवाई करनी चाहिए और आवासीय कोलोनी स्वीकृति करवाकर वाणिज्यिक काम्पलैक्स बनाकर आम जनता के साथ धोखाधड़ी की है उनके विरुद्ध कारवाई होनी चाहिए और आम जनता के साथ न्याय हो सके

**शंकरलाल कुमावत पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवगंज**



# लाछुड़ा में चल रही विष्णु महापुराण कथा के तीसरे दिन उमड़ा जन सैलाब अलग अलग झांकियों में दिखे शिव के अलग अलग स्वरूप

**नमस्ते राजस्थान**







**सांवर मल शर्मा आसींद** लाछुड़ा गांव में गंगोत्री धाम में चल रही विष्णु महापुराण कथा के तीसरे दिन बताया किर हर हर महादेव शम्भू, काशी विश्वनाथ गंगे ₹ श्री शिव महापुराण के तीसरे दिन की कथा में पूज्य कृष्णप्रिया जी ने भगवान शिव के इस दिव्य संकीर्तन से कथा का शुभारम्भ किया । शिव की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शिव ओघड दानी हैं आशुतोष हैं बहुत थोड़े में ही अति प्रसन्न हो जाते हैं इसीलिए उन्हें देवों के देव महादेव कहा जाता है... उनकी पूजा करने से हमें उनकी कृपा व भक्ति प्राप्त होती है जिससे हमारे जीवन में सुख-समृद्धि आती है और सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं.. कथा की तीसरे दिवस पर राजस्थान के भीलवाड़ा में हजारों श्रद्धालुओं का आगमन हुआ साथी आसपास के गांव से भी पूज्या देवी जी की वाणी को सुनने लोग आये.. कथा का आयोजन शनि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में दिनांक 20 से 26 नवंबर तक गंगोत्री धाम, लाछुड़ा किया जा रहा है

वही समाज सेवी ताराचंद मेवाड़ा ने बताया कि 21 जुलाई को पहले दिन 55 जोड़ो ने आहुति दी वहीं दूसरे दिन 22 जुलाई को 51 जोड़ो ने आहुति दी

यज्ञ का कार्यक्रम सुबह 8 बजे 12 बजे तक रहता है

वही कथा का समय दिन में 1 बजे से 4 बजे तक रहता है

वही शाम रोजाना 8 बजे से 10 बजे तक अलग अलग तरीके की झांकियों की प्रस्तुति दी जाती है जिसने दिल्ली से आय हुए कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी जाती है

पूज्य कृष्णप्रिया जी ने आगे बताया कि भगवान शिव हम सभी के भीतर विराजमान हैं अगर वो शिव वह चेतना हमारे अंदर से निकल जाए तो हम शव हो जायेंगे... इसलिए जीवन के प्रत्येक को शिवमय बनाएं और उनकी भक्ति में लगाएं... भगवान शिव की भक्ति दूसरों के लिए जीवन जीना सिखाती है... परमार्थ सिखाती है.. शिव महापुराण कथा हमें हमारे जीवन के उद्देश्य को समझाती है, हमें किस प्रकार का जीवन जीना चाहिए, अपने जीवन में धर्म कर्म भक्ति को एकसाथ लेकर कैसे चला जाए ये विभिन्न बातें शिवकथा हमें सीखलाती है.. कभी भी कर्म और धर्म को छोड़कर भक्ति नहीं की जा सकती बल्कि अपने कर्मों को इतना पवित्र और पावन रखें की वही भक्त बन जाए..

राजस्थान की भूमि संस्कृति और संस्कारो की भूमि है.. यहाँ की संस्कृति, खान पान देश विदेश को अपनी ओर आकर्षित करता है साथ ही यह भूमि भक्ति और त्याग और बलिदान कि भी भूमि है यहां मीराबाई, जयमल, धन्नाजाट, करमा बाई, भामाशाह,महाराणा प्रताप जैसे अनेक दिव्य भक्त हुए जो कि आज भी अजर अमर हैं .. इसलिए इस संस्कृति, भक्ति एवं परंपराओं को सदैव संजोकर रखें..

ओ की महिमा का वर्णन करते हुए परमपूज्या कृष्ण प्रिया जी ने बताया कि भगवान शिव के पांच मुखो से ॐ की उत्पत्ति हुई.. उससे पांच सगुण अक्षरों की प्राप्ति हुई जिसे नमः शिवाय कहते हैं.. केवल ध्यान और शुद्ध अवस्था में ॐ का जाप करना चाहिए और हरक्षण हर अवस्था में नमः शिवाय का जाप अत्यंत लाभकारी होता है.. जो व्यक्ति सवा लाख नमः शिवाय का जप कर लेता है वह स्वयं को जान लेता है.. कोई पांच लाख जप कर ले तो वह असमय मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है.. और जो 5 करोड़ शिव के नाम जाप कर ले वह साक्षात शिव के तुल्य हो जाता है.. वास्तव में गिनती में प्रभु नहीं है लेकिन इतने गिनने पर कम से कम एक बार तो भाव से प्रभु का स्मरण होगा बस उसी क्षण प्रभु की प्राप्ति हो जाएगी.. कथा में शिवलिंगो की महिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि शिवलिंग स्वयं तो अति पवित्र है ही साथ ही उसके आसपास के क्षेत्र भी तीर्थ धाम रूपी फालदाई होते है.. शिव कुरान में कई तरह के शिवलिंग का वर्णन आता है जिसमें आटे के शिवलिंग, शहद के शिवलिंग, दही के शिवलिंग, परिवार में कलह शान्ति हेतु मक्खन शिवलिंग , यश प्राप्ति हेतु मोती के शिवलिंग, वाणी सिद्ध हेतु माणिक, मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग सभी बधाओं को दूर करने के लिए उनकी पूजा करनी करनी चाहिए जो कि एक अंगुल के बराबर होने चाहिए.. सबसे महत्वपूर्ण शिवलिंग बाण लिंग के नर्मदेश्वर महादेव की है जो कि केवल एक लोटा जल से हर एक परेशानी और दुख को दूर करते हैं..

# जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में किए एमओयू की समीक्षा बैठक

## जिला कलेक्टर नमित मेहता ने एमओयू के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए

**नमस्ते राजस्थान**



**भीलवाड़ा,** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राइजिंग राजस्थान के जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में किए गए एमओयू की समीक्षा की गई। बैठक में सभी एमओयू धारकों की उद्योग स्थापित करने में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इन समस्याओं में भूमि कन्वर्जन, महंगी बिजली दरें, भूमि की आवश्यकता आदि प्रमुख थीं। जिला कलक्टर ने इन समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश मेहरा, ओएसडी नगर विकास न्यास सीएल मीणा को भूमि संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र महाप्रबंधक केके मीना को राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को रीप्स योजना के तहत छूट के संबंध में जानकारी देने और रीको लि के अतिरिक्त महाप्रबंधक को नए औद्योगिक क्षेत्रों के बारे में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कलक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा सभी एमओयू धारकों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता एवीवीएनएल वी. के. संचेती, रीको अतिरिक्त महाप्रबंधक पी.आर. मीना आदि उपस्थित थे।

## उदयपुर-रॉन्ग साइड से आ रही कार की डंपर से टक्कर:

# कार सवार सभी 5 लोगों की मौके पर मौत, देर रात हुआ हादसा

**नमस्ते राजस्थान**




**उदयपुर** उदयपुर में डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में 5 युवकों की मौत हो गई। मृतकों में हेड कॉन्स्टेबल का बेटा भी था। हादसा रात गुरुवार करीब 12 बजे सुखेर थाना क्षेत्र के अंबेरी में हुआ। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया- कार में देलवाड़ा (राजसमंद) निवासी हिम्मत खटीक (32), उदयपुर के बेदला निवासी पंकज नगारची (24), खारोल कॉलोनी निवासी गोपाल नगारची (27), सीसारमा निवासी गौरव जीनगर (23) और कानपुर खेड़ा निवासी नारायण पिता मांगीलाल गमेती सवार थे। ये अंबेरी से रॉन्ग साइड में देबारी की तरफ जा रहे थे। तभी स्कोडा शोरूम से आगे अचानक सामने से डंपर आ गया। ढलान होने की वजह से डंपर रफ्तार में था। डंपर के ड्राइवर ने कार को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे जगह नहीं मिल पाई। उसकी कार से टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। इसमें सवार सभी युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर सुखेर थाने से पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों और क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में कराया। लोगों की मदद से शव बाहर निकाले गए। सभी शवों को एमबी हॉस्पिटल की मॉच्युर्री में रखवाया गया। मृतकों में चार युवक उदयपुर और एक राजसमंद का रहने वाला था। कानपुर खेड़ा (उदयपुर) निवासी नारायण शादीशुदा था। उसके तीन माह की बेटी है। अन्य चारों युवक अविवाहित थे। पुलिस का कहना है कि ये युवक कहां से आ रहे थे और कहां जा रहे थे। इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनसे पूछताछ के बाद ही मृतकों के बारे में ज्यादा जानकारी मिल पाएगी।

## रिजल्ट का काउंट डाउन शुरू..नतीजों पर सबकी नजर

# आज तय होगी 'दो सरकारें'.. दांव पर दिग्गजों का भविष्य!

## राजस्थान की सात सीटों पर सभी की नजर




**जयपुर/मुंबई।**

राजस्थान की सात सीटों पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट 23 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव के साथ ही आने वाला है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। इसके बाद ईवीएम के मतों को गिना जाएगा। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी, वहीं नौ बजे बाद से रूझान आने शुरू हो जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुरुवार को सभी सीटों पर निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग की है। दरअसल, राजस्थान में दौसा, झुंझुनूं, चौरासी, रामगढ़, सलूंबर, देवली उनियारा और खींवसर सीट पर 13 नवंबर को मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा मतदान खींवसर सीट पर हुआ था, दौसा में सबसे कम मतदान हुआ था। राजस्थान में चार सीटों पर त्रिकोणीय और तीन पर बीजेपी तथा कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। इन सात सीटों में से चार कांग्रेस के पास थी, वहीं एक-एक सीट बीजेपी, आरएलपी और बीएपी के पास थी। आज आने वाले परिणाम में किस पार्टी की जीत होगी और किसे हार का सामना करना पड़ेगा, इसका पता तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा। लेकिन यह तय है कि जीतने वाले अधिकतर प्रत्याशी पहली बार विधानसभा में पहुंचेंगे।

## महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ ही उपचुनावों के लिए जनमत का आएगा फैसला

### सांसें थामे बैठी है पार्टियां

- सबसे बड़ा पेंच महाराष्ट्र में फंसा
- झारखंड में भी उलटफेर संभव
- राजस्थान की सीटें तय करेंगी सियासी गणित

हमारा समाचार के डिजिटल नेटवर्क पर मिलेगी हर पल की अपडेट




### दौसा में कड़ी टक्कर, दांव पर पायलट और किरोड़ी मीणा की प्रतिष्ठा



दौसा विधानसभा सीट पर मंत्री किरोड़ी लाल और कांग्रेस नेता सचिन पायलट की साख दांव पर लगी हुई है। यहां भाजपा के जगमोहन मीणा जीतें या कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा, पहली बार विधायक बनकर विधानसभा में पहुंचेंगे। माना जा रहा है कि इस सीट पर दोनों पार्टियों के बीच कांटे का मुकाबला है।

### खींवसर में बेनीवाल की प्रतिष्ठा दांव पर



**खींवसर** में भाजपा के रेवतराम डांगा जीतें, आरएलपी की प्रत्याशी कनिका बेनीवाल या कांग्रेस की डॉक्टर रतन चौधरी। तीनों में कोई भी जीते पहली बार विधानसभा में पहुंचेंगे। यह सीट हनुमान बेनीवाल की परम्परागत सीट रही है। आरएलपी के लिए प्रतिष्ठा की सीट भी है। यहां से बेनीवाल की पत्नी मैदान में है।

### देवली-उनियारा बन गई हॉट सीट, विवाद के बाद सबकी नजर



देवली-उनियारा सीट पर यहां से भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर, कांग्रेस से केसी मीणा और निर्दलीय नरेश मीणा मैदान के बीच मुकाबला है। यहां भी निर्दलीय के वोट हार-जीत के समीकरण तय करेंगे। यहां भी केवल बीजेपी प्रत्याशी ही एक बार विधायक रह चुके हैं, ऐसे में इनके अलावा कोई जीतता है तो पहली बार ही विधानसभा जाएंगे। चुनाव के दौरान यहां विवाद व लाठीचार्ज, आगजनी व तोडफोड़ की घटना हो चुकी। इसलिए इस हॉट सीट पर सबकी नजरे टिकी हुई हैं।

### झुंझुनूं में राजेंद्र गुढ़ा बिगाड़ सकते हैं खेल, इस सीट पर सभी की नजर



यहां से भाजपा के राजेन्द्र भाम्बू जीतें या कांग्रेस के अमित ओला, पहली बार विधायक बनकर विधानसभा के सदस्य बनेंगे। यहां से ओला परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। यहां से अमित ओला के पिता बृजेन्द्र ओला व दादा शीशराम ओला मंत्री व विधायक रह चुके। भाम्बू का भी यह तीसरा विधानसभा चुनाव है। वहीं राजेन्द्र गुढ़ा ने भी मजबूती से चुनाव लड़ा है, इसलिए उनपर भी सबकी निगाहे टिकी हुई हैं।

### चौरासी में बाप को मिल सकती है बढ़त, मुख्य पार्टियों की प्रतिष्ठा दांव पर




चौरासी की इस आदिवासी बाहुल्य वाले इस क्षेत्र से भाजपा ने कारीलाल ननोमा को, कांग्रेस ने युवा सरपंच महेश रोत को और भारतीय आदिवासी पार्टी ने यहां से अनिल कटारा को प्रत्याशी बनाया है। यहां से सांसद राजकुमार रोत की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा व कांग्रेस के लिए भी यह सीट महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यहां भी जो भी जीतेगा वह पहली बार विधानसभा में पहुंचेगा। अभी तक के अनुमानों के मुताबिक यहां बाप प्रत्याशी मजबूत माने जा रहे हैं।

### इधर, महाराष्ट्र में अब शुरू होगी रिजॉर्ट पॉलिटिक्स, प्लान हुआ तैयार

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव खत्म होने और एग्जिट पोल के बाद कांग्रेस पार्टी सतर्क रुख के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस पार्टी के एग्जिट पोल को देखते हुए पार्टी ने नतीजों के बाद अपना जिताऊ उम्मीदवार तय करने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। कांग्रेस पार्टी ने एयरलिफ्ट की रणनीति बनाई है। विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार को सभी विधायकों से संपर्क करने और हवाई सफारी कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नतीजों के बाद राज्य में फिर से विधायकों में तोड़फोड़ न हो, इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने यह ख्याल रखा है। कांग्रेस पार्टी इस बात का पूरा ख्याल रख रही है कि कांग्रेस का विजयी उम्मीदवार बीजेपी के संपर्क में न आये। कांग्रेस पार्टी ने यह एहतियात इसलिए उठाया है ताकि महाविकास अघाड़ी को सरकार बनाने में कोई परेशानी न हो।

### सलूम्बर में त्रिकोणीय मुकाबला, पहली बार विधानसभा पहुंचेगा जीतने वाला प्रत्याशी

सलूम्बर में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां से भाजपा ने शांता देवी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने रेशमा मीणा को टिकट दिया है, जबकि भारतीय आदिवासी पार्टी ने जितेश पर भरोसा किया है। यहां भी तीनों में से कोई भी जीते, विधानसभा में पहली बार जाएंगे। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है।

### रामगढ़ में सहानुभूति की लहर, होगा आमने-सामने का मुकाबला

रामगढ़ विधानसभा सीट पर यहां से भारतीय जनता पार्टी ने पिछली बार के बागी सुखवंत सिंह पर भरोसा जताया है जबकि उनका मुकाबला कांग्रेस के आर्यन जुबेर खान से है। यहां आमने सामने का मुकाबला है। जो भी जीतेगा वह पहली बार विधानसभा में पहुंचेगा। इस सीट पर जुबेर खान के निधन के बाद सहानुभूति की लहर भी है।

### राजस्थान की 7 सीटों पर मतगणना के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था



प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर बीते 13 नवंबर को हुए उपचुनाव का परिणाम आज आएगा। मतगणना केंद्रों पर सुबह 8 बजे से त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोटों की गिनती शुरू होगी। निर्वाचन विभाग 7 मतगणना केंद्रों पर कुल 98 टेबल्स पर 141 राउंड में ईवीएम के मतों की गणना होगी। उपचुनाव में इस बार कांग्रेस और भाजपा के साथ ही भारत आदिवासी पार्टी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी चुनावी मैदान में है। सभी दलों के नेताओं की ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। एक विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रही राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने अपनी जीत का दावा किया है। वहीं, भारत आदिवासी पार्टी ने जिन दो सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, वहां वो अपनी जीत के दावे कर रही है। हालांकि, इस बीच कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने सभी 7 सीटों पर जीत का दावा किया है।

## पूरी दुनिया में सबसे बड़ा छात्र संगठन बना एबीवीपी, 55 लाख छात्रों के सदस्य होने का दावा



**नई दिल्ली।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दावा किया है कि वह दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन बन चुका है। संगठन के अनुसार उसके सक्रिय सदस्यों की संख्या 55 लाख को पार कर चुकी है। इस वर्ष उसके सक्रिय सदस्यों की संख्या 55,12,470 हो चुकी है। दुनिया के किसी भी देश में किसी भी छात्र संगठन के पास इतने सक्रिय सदस्य नहीं हैं। संगठन ने पहले ही दुनिया के सबसे बड़े संगठन होने का दावा किया था, लेकिन इस वर्ष उसकी सदस्य संख्या में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में चल रहे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया है कि इस वर्ष पूरे देशभर से सदस्यता हुई है। उनके अनुसार, छात्रों के मुद्दे उठाने और उनके हितों की बात करने के कारण एबीवीपी का छात्रों के बीच भरोसा बढ़ा है। संगठन ने शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के पक्ष में आवाज उठाने, महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में बढ़ाने के लिए विद्यार्थी परिषद ने अच्छा प्रयास किया है।

## खेत में पराली जलाने वाले किसानों पर भजनलाल सरकार लगाएगी भारी जुर्माना

**श्रीगंगानगर।**

खेतों में पराली जलाने वाले किसानों पर राजस्थान की भजन लाल शर्मा सरकार भारी जुर्माना लगाने जा रही है। इसके लिए हाल ही केंद्र की भाजपा सरकार ने जुर्माना राशि में काफी बढ़ोत्तरी की है। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि भारत सरकार के राजपत्र के अनुसार फसल अवशेष जलाने की घटनाओं के संदर्भ में दोषी किसानों से जुर्माना वसूलने की नई दरें निर्धारित की गई है।

जिले में किसानों द्वारा फलस कटाई के उपरांत खेत में शेष रहे फसल के अवशेषों, धान की पराली को जलाने की रोकथाम व नियंत्रित करने के लिए वांछित समन्वय, निगरानी व मॉनिटरिंग हेतु



एसडीएम की अध्यक्षता में उपखण्ड स्तर पर कमेटी का गठन कर उप पुलिस अधीक्षक, खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार को सदस्य व सहायक निदेशक कृषि को संयोजक मनोनीत किया गया था।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी और निकटवर्ती क्षेत्र में पराली जलाने पर पर्यावरणीय प्रतिकर का अधिरोपण, संग्रह और उपयोग नियम 2023 में संशोधन करने हेतु 6 नवम्बर 2024 को गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

नोटिफिकेशन के अनुसार खेत के क्षेत्रफल के अनुसार 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसान को प्रतिघटना अधिरोपित किये जाने वाले जुर्माने की राशि 5 हजार रूपये, दो एकड़ या उससे अधिक किन्तु 5 एकड़ से कम भूमि वाले किसान को 10 हजार तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसान को 30 हजार रूपये जुर्माना निर्धारित किया गया है।

## दाणी विवाद के बावजूद लौटी बाजार की रौनक; सेंसेक्स 1961 अंक चढ़ा, निफ्टी 23900 के पार

**नई दिल्ली ।**

अदाणी विवाद के बावजूद शुक्रवार का कारोबारी सत्र घरेलू शेयर बाजार को रास आया। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,961.32 अंक चढ़कर 79,117.11 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी50 गुरुवार को पांच महीने के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद उबरते हुए 23,900 अंकों के पार 557.35 (2.39%) अंकों की बढ़त के साथ 23,907.25 पर बंद हुआ। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजार उत्साहित दिखा। उछाल के बाद, बीएसई पर सूचीबद्ध सभी शेयरों का



संयुक्त बाजार पूंजीकरण 7.2 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 432.57 लाख करोड़ रुपये हो गया।

सेंसेक्स शुक्रवार को 2.54 प्रतिशत मजबूत होकर फिर से 79,000 के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। यह तेजी वैश्विक बाजारों में मजबूती और निचले स्तरों पर खरीदारी के कारण आई। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत खरीदारी और अमेरिकी बाजारों में मजबूत रुख से भी सूचकांक को मदद मिली। बीएसई का सेंसेक्स 1,961.32 अंक या 2.54 प्रतिशत उछलकर 79,117.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2,062.4 अंक या 2.67 प्रतिशत बढ़कर 79,218.19 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 557.35 अंक या 2.39 प्रतिशत बढ़कर 23,907.25 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियां लाभ में रहीं। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटी और टेक शेयरों जैसे ब्लू चिप शेयरों में भारी खरीदारी से बाजार की धारणा को बढ़ावा मिला।

## 24 घंटे में माफी मांगें नहीं तो 100 करोड़ रुपये... विनोद तावड़े ने कांग्रेस को भेजा कानूनी नोटिस

**मुंबई ।**

मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांटने का आरोप को लेकर भाजपा नेता विनोद तावड़े ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सुप्रिया श्रीनेत को कानूनी नोटिस भेजा है। इस नोटिस में तावड़े के हवाले से कहा गया है कि ये तीनों नेता उनसे 24 घंटे के भीतर माफी मांगे नहीं तो उन्हें 100 करोड़ रुपये के मानहानि के दावे का सामना करना पड़ेगा। इस नोटिस को लेकर खुद भाजपा नेता विनोद तावड़े ने जानकारी दी है।

तावड़े पर महाराष्ट्र की क्षेत्रीय पार्टी बहुजन विकास आघाड़ी ने मतदाताओं को लुभाने के लिए पांच करोड़ रुपये बांटने का आरोप लगाया था। पार्टी के कार्यकर्ता 19 नवंबर को मुंबई के एक होटल में तावड़े के कमरे में जबरन घुस गए थे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तावड़े ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग और पुलिस की जांच में कथित रकम बरामद नहीं हुई। कांग्रेस केवल झूठ फैलाने में विश्वास करती है और यह घटना मेरी व मेरी पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए विपक्षी दल की निम्न स्तर की राजनीति का सबूत है। खरगे, राहुल और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने तावड़े के बहाने भाजपा पर राज्य में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए धनबल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।

## चिता पर सांसें चलने के बाद रोहिताश को जयपुर रैफर किया, एसएमएस में हुई मौत, मामले में 3 निलंबित

**झुंझुनू ।** जिले के राजकीय भगवानदास खेतान अस्पताल में डॉक्टरों की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां एक जिंदा आदमी का तथाकथित पोस्टमार्टम करके डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर डीप फ्रीजर में रखवा दिया। मां सेवा संस्थान के आश्रय गृह के लोग जब उसे दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए और चिता पर लिटाया तो वहां उसकी सांसें चलने लगीं और मामले का खुलासा हुआ। गौरतलब है कि झुंझुनू में मां सेवा संस्थान के आश्रय गृह में रहने वाले विमंदित रोहिताश की गुरुवार दोपहर तबीयत बिगड़ने के बाद बीडीके अस्पताल में उसका इलाज शुरू किया गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और अस्पताल की मोर्चरी के डीप फ्रीज में रखवा दिया। दो घंटे बाद पोस्टमार्टम करके पंचनामा भी बना लिया गया और रोहिताश के तथाकथित शव को संस्थान को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप

### होंडा ने इंजन की खामी दूर करने सीआरएफ 1100 वापस मंगाई



**नई दिल्ली।** हौंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह थ्रॉटल ऑपरेशन (इंजन) से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए सीआरएफ 1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयों को वापस मंगा रही है। बयान में कहा कि स्वैच्छिक वापसी वैश्विक बाजार की कार्रवाई के अनुरूप है।

### सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष नियमों में किया संशोधन




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष नियमों में संशोधन किया है। इसमें निवेशकों को किसी योजना में उनके योगदान के अनुपात में निवेश और आय के वितरण का अधिकार देने का निर्देश दिया गया है। एआईएफ योजना के तहत निवेश से जोखिम और पुरस्कार को योजना में निवेशकों के योगदान के अनुपात में साझा किया जाने की जरूरत होगी।

### जापान ने वेतन बढ़ाने दिया आर्थिक पैकेज



**टोक्यो।** जापान ने शुक्रवार को 39,000 अरब येन (250 अरब डॉलर) के आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। इसके तहत व्यक्तिगत आय को बढ़ावा देने के लिए कई पहल शुरू की जाएंगी। जापान मंत्रिमंडल द्वारा पारित व्यापक योजना प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के प्रशासन के लिए बेहद अहम है।

### ओला इलेक्ट्रिक ने 500 नौकरियां समाप्त कीं





**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी विभिन्न स्तर पर पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 500 नौकरियां समाप्त की हैं। मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि कंपनी ने सितंबर तिमाही से यह छंटनी शुरू की। एक सूत्र ने कहा, '' यह प्रक्रिया काफी समय से जारी है और इसकी शुरुआत करीब जुलाई में की गई थी।

### वोलोफिन ने अमेरिकी बैंक से जुटाया वित्त




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच वोलोफिन ने अमेरिका के एक बैंक से पांच करोड़ डॉलर का वित्तपोषण जुटाया है।कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस वित्तपोषण का उद्देश्य वित्त की कमी को दूर करने और आर्थिक मजबूती को बढ़ावा देने के लिए भारत और दुनिया भर के छोटे एवं मझोले उद्यमों को सशक्त बनाना है।

### जेप्टो ने घरेलू वित्तपोषण से 35 करोड़ डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली।** त्वरित वाणिज्य कंपनी जेप्टो ने शुक्रवार को अपने हालिया वित्तपोषण (फंडरेजिंग) दौर में 35 करोड़ डॉलर जुटाने की घोषणा की। कंपनी ने इसे भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर सबसे बड़ा 100 प्रतिशत घरेलू वित्तपोषण जुटाने का प्रतीक बताया है।इस चरण में भारतीय एचएनआई (अमीर लोग), पारिवारिक कार्यालय और अग्रणी वित्तीय संस्थानों से निवेश शामिल है। नेतृत्व विशेष रूप से मोतीलाल ओसवाल के 'प्राइवेट वेल्थ डिवीजन' द्वारा किया गया।

# चांदी में निवेशकों की रूचि बढ़ी, सिल्वर ईटीएफ हुआ चार गुना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सिल्वर ईटीएफ एक लोकप्रिय निवेश विकल्प के रूप में उभरा है, जिसकी प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) में पिछले एक साल में उल्लेखनीय चार गुना वृद्धि देखी गई है। यह अक्टूबर 2024 में 12,331 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो पिछले साल अक्टूबर में 2,844.76 करोड़ रुपये थी।

- परिसंपत्तियां अक्टूबर 2024 में 12331 करोड़ तक पहुंची

इक्रा एनालिटिक्स ने कहा कि यह उछाल घरेलू मुद्रास्फीति के दबावों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच चांदी में निवेशकों की रूचि बढ़ी है। इक्रा एनालिटिक्स के अनुसार, 2022 में पेश किए गए सिल्वर ईटीएफ ने अपनी सुलभता और पारदर्शिता से खुदरा निवेशकों के बीच लोकप्रियता हासिल की है।

## निवेश विकल्प के रूप में तेजी से उभरा सिल्वर ईटीएफ

### बाजार में सिल्वर ईटीएफ की संख्या बढ़कर हुई 12

अक्टूबर 2024 में सिल्वर ईटीएफ के तहत कुल 'फोलियो' की संख्या 215 प्रतिशत बढ़कर 4.47 लाख हो गई, जबकि एक साल पहले यह 1.42 लाख थी। इसी अवधि में शुद्ध प्रवाह सालाना आधार 24 प्रतिशत बढ़कर 643.10 करोड़ रुपये हो गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख (बाजार डेटा) अश्विनी कुमार ने बताया कि बाजार में सिल्वर ईटीएफ की संख्या अप्रैल 2023 में आठ से बढ़कर अगस्त 2024 में 12 हो गई।



*सोने के ईटीएफ से बेहतर मुनाफा :* सिल्वर ईटीएफ का निवेश प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा है। एक महीने, तीन महीने, छह महीने और एक साल की अवधि में औसत मुनाफा क्रमशः 7.57 प्रतिशत, 16.02 प्रतिशत, 20.25 प्रतिशत और 32.49 प्रतिशत रहा, जो समान अवधि में सोने के ईटीएफ से हुए मुनाफे से बेहतर रहा।

*मांग मजबूत बने रहने की संभावना :* कुमार ने कहा कि मुद्रास्फीति के निरंतर दबाव और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण सिल्वर ईटीएफ की मांग मजबूत बनी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, '' खंड विविधीकरण में उनकी भूमिका बढ़ने के साथ आने वाले महीनों में और अधिक सिल्वर ईटीएफ पेश किए जा सकते हैं।''

### खरीद पर जीएसटी से जुड़ी लागत कम होती है

कुमार ने कहा, '' सिल्वर ईटीएफ को भौतिक रूप से खरीदी जाने वाली चांदी की तुलना में अधिक पसंद किया जाता है, क्योंकि इन्हें आसानी से 'स्टोर' किया जा सकता है। ....खरीद पर जीएसटी से जुड़ी लागत कम होती है। वे अधिक कुशल और नगदी निवेश विकल्प प्रदान करते हैं, क्योंकि वे शेयर बाजार पर सूचीबद्ध होते हैं, जिससे निवेशक यूनिट का निर्बाध रूप से व्यापार कर सकते हैं।''

## उद्देश्य, भारत के संचार तंत्र और सेवाओं को मजबूत करना

# साइबर सुरक्षा नियम अधिसूचित, सुरक्षा चूक की जानकारी देने की समयसीमा तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियमों को अधिसूचित किया है। इसका मकसद दूरसंचार कंपनियों के लिए सुरक्षा चूक संबंधी घटनाओं की जानकारी देने और खुलासा करने के लिए समयसीमा तय करना सहित कई उपायों के जरिये भारत के संचार तंत्र और सेवाओं को मजबूत करना है।

नियम केंद्र सरकार/उसकी अधिकृत एजेंसी को साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से किसी दूरसंचार इकाई से शुल्क डेटा और कोई अन्य डेटा (संदेशों के विषय के अलावा) मांगने का अधिकार देते हैं। दूरसंचार संस्थाओं को दूरसंचार साइबर सुरक्षा नीति भी अपनानी होगी, जिसमें सुरक्षा उपाय, जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण, कार्रवाई, प्रशिक्षण, तंत्र परीक्षण और जोखिम मूल्यांकन शामिल होंगे।

- शुल्क डेटा और कोई अन्य डेटा मांगने का अधिकार
- दूरसंचार संस्थाओं को दूरसंचार साइबर सुरक्षा नीति भी अपनानी होगी
- डेटा को कड़ी गोपनीयता के साथ संग्रहीत और बनाए रखना होगा



### कोई भी व्यक्ति संचार उपकरण का दूरुपयोग न करे

नियमों में दूरसंचार साइबर सुरक्षा दायित्वों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया कि नियमों के तहत '' कोई भी व्यक्ति दूरसंचार उपकरण या दूरसंचार पहचानकर्ता या दूरसंचार तंत्र या दूरसंचार सेवाओं का दुरुपयोग कर और धोखाधड़ी भरा या सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाला या ऐसा इरादा रखने वाला... किसी अन्य कानून के प्रावधानों के विरुद्ध कोई संदेश भेज दूरसंचार साइबर सुरक्षा को खतरे में न डाले।''

*निर्दिष्ट बिंदुओं पर ही हो डेटा संग्रहण:* किसी दूरसंचार इकाई को निर्दिष्ट बिंदुओं से ऐसे डेटा के संग्रह और प्रावधान के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे तथा उपकरण स्थापित करने का निर्देश दे सकती है, ताकि इसके प्रसंस्करण और भंडारण को मजबूत किया जा सके।

*डेटा को कड़ी गोपनीयता के साथ संग्रहीत करना होगा :* इसमें कहा गया कि सरकार तथा इसके द्वारा इन नियमों के तहत डेटा एकत्र करने के लिए अधिकृत कोई भी एजेंसी, साथ ही जिन व्यक्तियों के साथ ऐसा डेटा साझा किया जाता है वे यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय करेंगे कि ऐसे डेटा को कड़ी गोपनीयता के साथ संग्रहीत और बनाए रखा जाए तथा इन तक किसी भी अनधिकृत पहुंच को रोका जाए।

### सरकार निर्दिष्ट प्रारूप भी मांग सकती है

नए दूरसंचार अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, केंद्र सरकार/उसकी अधिकृत कोई भी एजेंसी दूरसंचार साइबर सुरक्षा की रक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से किसी दूरसंचार इकाई से संदेशों के विषय के अलावा, शुल्क डेटा और कोई अन्य डेटा केंद्र सरकार द्वारा मंच पर निर्दिष्ट प्रारूप में मांग सकती है।

### दूरसंचार इकाई को निर्दिष्ट उपाय लागू करना जरूरी

नियमों के अनुसार प्रत्येक दूरसंचार इकाई को साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्दिष्ट उपायों को लागू करना आवश्यक होगा, जिसमें दूरसंचार साइबर सुरक्षा नीति (सुरक्षा उपाय, जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण, कार्रवाई, प्रशिक्षण, सर्वोत्तम प्रक्रिया तथा प्रौद्योगिकियां, दूरसंचार साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए को अपनाना शामिल है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को बीमा कारोबार की मिली अनुमति

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को जनरली समूह के साथ संयुक्त उद्यम के जरिये बीमा कारोबार में प्रवेश करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिल गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजरों को भेजी सूचना में बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 21 नवंबर 2024 के पत्र के जरिये मंजूरी दे दी है। कंपनी सूचना के अनुसार, ''...भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 21 नवंबर 2024 के अपने पत्र के जरिये एफजीआईआईसीएल और एफजीआईएलआईसीएल के तहत जनरली समूह के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से बीमा कारोबार में बैंक के प्रवेश को मंजूरी दे दी है। इसके द्वारा निर्धारित शर्तों के निरंतर अनुपालन और बीमा नियामक इरडा के अनुमोदन के अधीन है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अक्टूबर में फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईआईसीएल) और फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईएलआईसीएल) में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी थी। एफजीआईआईसीएल अन्य बीमा के अलावा व्यक्तिगत बीमा, वाणिज्यिक बीमा, सामाजिक और ग्रामीण बीमा प्रदान करता है। एफजीआईएलआईसीएल बचत बीमा, निवेश योजना (यूएलआईपी), टर्म बीमा योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, बाल योजना, सेवानिवृत्ति योजना, ग्रामीण बीमा योजना और समूह बीमा योजना प्रदान करता है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

- आरबीआई ने परिपत्र जारी कर बैंक को दी अनुमति
- बैंक ने इस आशय की सूचना शेयर बाजार को दी

### बैंक फ्यूचर का सफल बोलीदाता के रूप में उभरा

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अगस्त की शुरुआत में घोषणा की कि वह जीवन तथा साधारण बीमा उद्यम में कर्ज में डूबी फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एफईएल) की हिस्सेदारी अधिग्रहण के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 17.76 अरब डॉलर की गिरावट

- देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 657,89 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶| मुंबई




देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 17.76 अरब डॉलर घटकर 657.89 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.47 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आठ नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 15.55 अरब डॉलर घटकर 569.83 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.07 अरब डॉलर घटकर 65.75 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 9.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.06 अरब डॉलर रहा।

## सितंबर में जियो, एयरटेल व वीआईएल के ग्राहक घटे




**नई दिल्ली।** निजी दूरसंचार कंपनियों- रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने सितंबर में संयुक्त रूप से एक करोड़ से अधिक मोबाइल ग्राहक खो दिए, जबकि सरकारी स्वामित्व वाली भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने सबको आश्चर्यचकित करते हुए इस दौरान लगभग 8.5 लाख मोबाइल उपयोगकर्ता जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी मासिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। रिलायंस जियो ने पिछले महीने की तुलना में सितंबर में 79.69 लाख मोबाइल ग्राहक खो दिए, भारती एयरटेल ने 14.34 लाख ग्राहक और वोडाफोन आइडिया ने 15.53 लाख ग्राहक खोये। बीएसएनएल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या सितंबर में मासिक आधार पर 8.49 लाख बढ़ गई।

## बीएमडब्ल्यू जनवरी से वाहनों की कीमत तीन फीसदी बढ़ाएगी



**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू की भारतीय इकाई बीएमडब्ल्यू इंडिया अपने सभी मॉडलों की कीमत अगले साल जनवरी से तीन प्रतिशत तक बढ़ाएगी। कंपनी ने कहा कि नई दरें एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी की स्थानीय रूप से निर्मित कारों की रेंज में 2-सीरीज ग्रैन कूप, 3-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, 5-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, 7-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, एक्स1, एक्स3, एक्स5, एक्स7 और एम340आई शामिल हैं। बीएमडब्ल्यू पूर्ण निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आई4, आई5, आई7, आई7 एम70, आईएक्स1, बीएमडब्ल्यू आईएक्स, जेड4 एम40आई, एम2 कूप जैसे मॉडल भी बेचती है।

# सोना 1,100 रुपए उछला चांदी में 300 रुपए की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



शादी विवाह के कारण आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 1,100 रुपये उछलकर दो सप्ताह के उच्च स्तर 84,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की तेजी के साथ 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

सराफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 1,100 रुपये की तेजी आई है। इसके साथ लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज करते हुए यह 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना बढ़कर 84,400 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी भी उछलकर 93,300 रुपए प्रति किलोग्राम

### व्यापारियों ने डॉलर की तेजी को नजरअंदाज किया

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के बीच सोने के व्यापारियों ने डॉलर की मजबूती को नजरअंदाज कर दिया, जिससे सराफा की ओर सुरक्षित निवेश प्रवाह बढ़ रहा है। एशियाई बाजार में चांदी 1.42 प्रतिशत बढ़कर 31.83 डॉलर प्रति औंस पर रही।

### सोने में तेजी का रूझान कायम

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने की खोई हुई स्थिति वापस आने के साथ ही तेजी का रुझान बरकरार है।' वैश्विक स्तर पर जिंस बाजार में सोना वायदा 36 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,735.30 डॉलर प्रति औंस रहा।

# बिटकॉइन एक लाख डॉलर के करीब पहुंचा

- क्रिप्टोकरेंसी ने दो सप्ताह में 40 फीसदी की छलांग लगाई

**न्यूयॉर्क।** बिटकॉइन ने पहली बार 99,000 डॉलर से ऊपर पहुंचकर रिकॉर्ड ऊंचाई को छूने का सिलसिला जारी रखा। इस क्रिप्टोकरेंसी ने केवल दो सप्ताह में 40 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई है। क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स के पतन के बाद 17,000 डॉलर से नीचे गिरने के दो साल बाद अब बिटकॉइन एक लाख डॉलर के करीब पहुंच गया है। यह आश्चर्यजनक तेजी ऐसे वक्त में आई है, आगामी ट्रम्प प्रशासन डिजिटल मुद्रा को विनियमित करने के लिए क्रिप्टो के लिए अधिक अनुकूल नीति लेकर आएगा। कॉइनडेस्क के अनुसार शुक्रवार की सुबह बिटकॉइन 98,882 डॉलर पर कारोबार कर रहा था।




# पीवीआर आईनॉक्स अगले साल 100 स्क्रीन जोड़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा प्रदर्शक कंपनी पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने अगले साल करीब 100 स्क्रीन जोड़ने की योजना बनाई है, जिसमें करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

कंपनी के कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार बिजली ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने फिल्म खोजने और बुकिंग अनुभव के लिए कृत्रिम मेधा (एआई)संचालित व्हाट्सएप चैटबॉट, मूवी जॉकी (एमजे) पेश किया है। कंपनी की योजना भविष्य में हर साल 100 स्क्रीन जोड़ने की है। बिजली ने यहां कार्यक्रम में कहा, "इस साल अब तक हमने करीब 70 स्क्रीन खोली हैं और करीब 45-50 स्क्रीन बंद कर दी हैं। हम इस साल करीब 40 और स्क्रीन जोड़ेंगे और 10-15 स्क्रीन बंद कर देंगे। संजीव कुमार ने कहा कि इस साल करीब 75 स्क्रीन बंद करने और करीब 120 स्क्रीन जोड़ने का विचार है।




- कंपनी का इस पर 200 करोड़ रुपए खर्च होगा

*वर्तमान में कंपनी के पास 1,744 स्क्रीन :* निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगले साल 100 स्क्रीन के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय होगा। वर्तमान में, पीवीआर आईनॉक्स के पास भारतभर के 111 शहरों में 355 संपत्तियों में 1,744 स्क्रीन हैं।

## पेनाल्टी चार्ज बैंक मैच्योरिटी की तारीख के आधार पर तय करता है


# फिक्स्ड डिपॉजिट तोड़ने पर बैंकों की पेनाल्टी अलग-अलग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ जरूरी कारणों से या फिर अचानक आई इमरजेंसी के दौरान जमाकर्ता को अपना फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) समय से पहले निकालना पड़ जाता है। इसके लिए कस्टमर या जमाकर्ता को बैंक से प्री-मैच्योर एफडी निकालने की अनुमति तो है लेकिन इसके लिए एक राशि पेनल्टी के तौर पर बैंक चार्ज करती और जमा की गई धनराशि से काट ली जाती है। प्री-मैच्योर एफडी को निकालने पर कितना पेनल्टी चार्ज कटेगा ये उसके मैच्योरिटी की तारीख के आधार पर बैंक तय करता है। यह पेनल्टी या चार्ज फाइनल ब्याज पेमेंट या फिर रिफंड अमाउंट (वापस की जा रही धनराशि) पर लगाई जाती है। एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पीएनबी, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक में प्री-मैच्योर एफडी निकालने पर अलग-अलग चार्ज लगता है।

- एसबीआई प्री-मैच्योर राशि निकालने पर 0.50 प्रतिशत तक का पेनल्टी काटता है

*पीएनबी बैंक के प्री-मैच्योर FD पर क्या है चार्ज? :* पीएनबी बैंक के वेबसाइट पर अपलोड जानकारी के अनुसार, बैंक प्री-मैच्योर एफडी पर 1 प्रतिशत तक की पेनल्टी चार्ज करता है। यह चार्ज सभी तरह के डिपॉजिट को समय से पहले यानी प्री-मैच्योरिटी को निकालने पर लागू होती है।




### प्री-मैच्योर एफडी पर आईसीआईसीआई बैंक की पेनाल्टी?

बैंक में जमा धनराशि यानी फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक तब तक ब्याज देगी जब तक वह राशि उस समयसीमा के लिए बैंक के पास हो जब तक के लिए उसे जमा किया गया हो। अगर उसके बीच में एफडी तोड़ी जाती है तो बैंक उस पर चार्ज करता है। आईसीआईसीआई बैंक एफडी के जमा होने के एक साल के भीतर धनराशि निकालने पर 0.50 फीसदी तक पेनल्टी चार्ज करता है। वहीं एक साल के बाद एफडी को निकालने पर बैंक 1 फीसदी की पेनल्टी भुगतान करवाता है।

### एसबीआई बैंक वसूलती है पेनल्टी

एसबीआई की वेबसाइट के आधार पर अगर आपने पॉच लाख तक का टर्म डिपॉजिट किया है तो प्री-मैच्योर राशि निकालने पर इस पर 0.50 प्रतिशत तक का पेनल्टी लगेगा। अगर टर्म डिपॉजिट पॉच लाख रुपए की धनराशि से ऊपर की है तो इसे समय से पहले निकालने पर 1 प्रतिशत तक का पेनल्टी चार्ज काटा जाएगा।

### एचडीएफसी बैंक का क्या पेनल्टी चार्ज?

एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर अपलोड जानकारी के अनुसार, 22 जुलाई, 2023 से प्रभावी आंशिक (पार्शियल) धनराशि निकालते समेत समय से पहले धनराशि निकालने के लिए लागू ब्याज दर जमा की गई तारीख पर समय-अवधि के लिए बैंक में जमा रहने की दर से 1 फीसदी से कम होगी।

**महाराष्ट्र चुनाव में**

**5 करोड़ बांटने का मामला**


# तावड़े ने राहुल, खरगे और सुप्रिया को भेजा 100 करोड़ का नोटिस

तावड़े ने कहा है कि ये नेतागण मुझसे माफी मांगें या कार्रवाई का सामना करें। तावड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मुझे बदनाम करने के लिए इन नेताओं ने झूठे आरोप लगाए थे। मैं इसको लेकर गंभीर रूप से आहत हूं। मैंने आज तक इस प्रकार का कुछ भी नहीं किया है। इस तरह के आरोप निराधार हैं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र चुनाव नतीजों से ठीक एक दिन पहले भाजपा नेता विनोद तावड़े ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस भेजा है। तावड़े ने तीनों नेताओं को 100 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा है। साथ ही, कहा है कि मुझसे माफी मांगें या कार्रवाई का सामना करें। तावड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मुझे बदनाम करने के लिए इन नेताओं ने झूठे आरोप लगाए थे। कहा था कि मैंने मुंबई के एक होटल में मतदाताओं को 5 करोड़ रुपए बांटे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार तावड़े ने कहा कि मैं इसको लेकर गंभीर रूप से आहत हूं। क्योंकि, मैं एक सामान्य परिवार से आता हूं।

**चुनाव से एक दिन पहले का मामला**





### बदनाम करने के लिए जान-बूझकर झूठ बोला

पिछले 40 सालों से राजनीति में हूं, लेकिन मैंने कभी ऐसा कुछ नहीं किया। खरगे, राहुल और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मुझे और मेरी पार्टी को बदनाम करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मीडिया के सामने यह जान-बूझकर झूठ बोला। इसलिए मैंने उन्हें कोर्ट नोटिस जारी किया है कि वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या कार्रवाई का सामना करें।

## तावड़े पर लगा था 5 करोड़ बांटने का आरोप

महाराष्ट्र में वोटिंग से एक दिन पहले 19 नवंबर को तावड़े पर गंभीर आरोप लगे थे। बहुजन विकास अघाड़ीने उनपर 5 करोड़ रुपए बांटने का आरोप लगाया था। अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज 19 नवंबर विरार के होटल पहुंचे। यहां तावड़े नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। पार्टी ने आरोप लगाया कि तावड़े 5 करोड़ रुपए लेकर होटल पहुंचे थे और यहां वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे। इन आरोपों को खारिज करते हुए तावड़े ने कहा था कि उन्हें चुनाव से जुड़े नियम अच्छी तरह से पता है और वह बेवकूफ नहीं है कि राजनीतिक विरोधी के होटल में ऐसा काम करेंगे।

**कांग्रेस ने भी घेरा**

चुनाव के दौरान राजनीतिक हलकों में इन आरोपों ने काफी विवाद खड़ा कर दिया था। चुनाव आयोग ने इस घटना का संज्ञान लिया और इस संबंध में एफआईआर दर्ज की। कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक भाजपा की आलोचना की।


### 2 साल से काफी चर्चा में रहे तावड़े

पिछले दो साल में दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में होने वाली अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस में तावड़े आते रहे हैं और टीवी चैनलों पर भाजपा का एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भरोसेमंद नेताओं में गिना जाता है। तावड़े के बारे में कहा जाता है कि उन्हें संगठन में काम करने का काफी अच्छा अनुभव है।

**खबर संक्षेप**


### कर्नाटक को 448.29 करोड़ का अनुदान जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कर्नाटक में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त के रूप में 448.29 करोड़ रुपए जारी किए हैं। ये धनराशि राज्य की सभी 5,949 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए है।पंचायती राज मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।



### धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश

**नैनीताल।** हाई कोर्ट ने उत्तरकाशी में मस्जिद की सुरक्षा तथा पहली दिसंबर को हिन्दू संगठनों की ओर से बुलाई गई महापंचायत पर रोक लगाने को लेकरअंतरिम आदेश पारित कर डीजीपी को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को सभी धार्मिक स्थलों के पास सख्त कानून सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



### सांगली में संयंत्र में गैस रिसाव, 3 की मौत

**सांगली।** महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक उर्वरक संयंत्र के रिएक्टर में विस्फोट होने के बाद गैस रिसाव के कारण दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि नौ लोग घायल हो गए। कडेगांव तहसील के शालगांव एमआईडीसी स्थित म्यांमार केमिकल कंपनी में गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे यह हादसा हुआ।



### बच्चों से भरे टेंपो में ट्रक की टक्कर, 4 की मौत

**पटना।** यहां के बिहटा में भीषण सड़क हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गई। वहीं 8 बच्चे और टेंपो ड्राइवर की हालत गंभीर है। शुक्रवार दोपहर सभी बच्चे टेंपो में बैठकर सनराइज स्कूल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। इससे इलाके में हड़कंप मच गया।



## सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण पर फिर लगाई दिल्ली सरकार को फटकार

**दिल्ली में प्रदूषण की भयावह स्थिति पर नाराजगी**

# ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए क्या किया गया? इसके लिए केंद्र भी 'सहयोग' करे

कोर्ट ने कहा कि यह मानना बहुत मुश्किल है कि दिल्ली में ट्रकों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। दिल्ली सरकार ने बताया कि 113 एंट्री पॉइंट है जिसमें से 13 ट्रकों के लिए भी शामिल हैं।



**ट्रकों की आवाजाही पर नहीं लगी लगाम**

*केंद्र को पुलिस तैनाती का निर्देश देना चाहिए*



## आतिशी सरकार बोली- दिल्ली में एंट्री पॉइंट बनाए गए, पुलिस की तैनाती की मांग उठाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण की चिंताजनक स्थिति के बीच एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई और पूछा कि वह दिल्ली में ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए क्या कर रही है? कोर्ट ने कहा कि हमारे लिए यह मानना बहुत मुश्किल है कि दिल्ली में ट्रकों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। वहीं दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि दिल्ली में कुल 113 एंट्री पॉइंट है जिसमें से 13 ट्रकों के लिए भी शामिल हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार से मदद करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को ट्रकों के प्रवेश की जांच के लिए 113 एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस कर्मियों को तैनात करने का निर्देश देना चाहिए।

### दिल्ली सरकार नियमों के पालन कराने में विफल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आदेशों के बावजूद दिल्ली सरकार और पुलिस ग्रैप4के तहत नियमों का पालन करने में विफल रही है। ऐसे में कोर्ट ने 13 वकीलों को यह देखने के लिए नियुक्त किया है कि ट्रकों के प्रवेश पर बैन वाकई में लागू किया जा रहा है या नहीं। इन 113 एंट्री पॉइंट पर मौजूद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एडवोकेट कमिश्नर यानी इन वकीलों को देने के लिए कहा है।

### सभी एंट्री पॉइंट्स पर चेकपोस्ट बनाए जाएं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार सभी एंट्री पॉइंट्स पर सख्त निगरानी के लिए कदम उठाने चाहिए। कोर्ट ने कहा कि राजधानी में113 एंट्री पॉइंट्स हैं, लेकिन दिल्ली सरकार के वकील का कहना है कि ग्रैप 4के तहत मुख्य रूप से 13 प्रमुख पॉइंट्स पर ही निगरानी रखी जाती है। इसका मतलब है कि बाकी 100 एंट्री पॉइंट्स पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हम दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि सभी 113 एंट्री पॉइंट्स पर तुरंत चेकपोस्ट स्थापित किया जाए।

### राहुल का बड़ा बयान

**उत्तर भारत में वायु प्रदूषण राष्ट्रीय आपातकाल, बच्चों का भविष्य छीन रहा**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति पर चिंता जताई है। राहुल ने कहा, उत्तर भारत में वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपातकाल है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। यह हमारे बच्चों का भविष्य छीन रहा है। यह बुजुर्गों का दम घोंट रहा है। यह एक पर्यावरणीय और आर्थिक आपदा है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है, वे अपने चारों ओर फैली जहरीली हवा से बच नहीं पाते। परिवार को स्वच्छ हवा के बिना दिक्कत हो रही है, बच्चे बीमार हो रहे हैं।

### ग्रैप-4 प्रतिबंधों में ढील पर 25 को करेंगे विचार

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के कहर के बीच सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि सांसों के संकट से निपटने के लिए लागू ग्रैप-4 प्रतिबंध फिलहाल जारी रहेंगे। इसमें रियायत दी जा सकती है या नहीं? इस पर 25 नवंबर को विचार किया जाएगा।जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ग्रैप -4 प्रतिबंधों को जिस तरह से लागू किया गया, उस पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने खास तौर पर गैर-जरूरी सामान ले जाने वाले ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश को प्रतिबंधित करने से संबंधित फैसलों में देरी पर हैरानी जताई।

### क्या है ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान?

कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) को पहली बार 2017 में लागू किया गया था। इसके जरिए स्थिति की गंभीरता के हिसाब से राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण-रोधी उपायों को लागू किया जाता है।

### न्यायालय आयुक्त नियुक्त किए गए

सर्वोच्च न्यायालय ने 13 वकीलों को दिल्ली के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं का दौरा करने के लिए न्यायालय आयुक्त के रूप में नियुक्त किया। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंधों को लागू किया गया है या नहीं? अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ को बताया कि पिछले दो दिनों में प्रदूषण का स्तर कम हो गया है।एक्यूआई का स्तर अब गरैप -2 चरण के अंतर्गत है। शुक्रवार को दिल्ली में कुलएक्यूआई 373 दर्ज किया गया और यह बहुत खराब श्रेणी में रहा।

**एलजी ने की सीएम की तारीफ**

## आतिशी केजरीवाल से हजार गुना बेहतर मुख्यमंत्री हैं...



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के सीएम आतिशी की प्रशंसा की। एक समारोह में एलजी ने सीएम आतिशी की तरफ देखते हुए कहा कि वे अपने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल से हजार गुना बेहतर हैं। एलजी और आप सरकार के बीच के संबंध को देखते हुए आतिशी की प्रशंसा करना किसी हैरानी से कम नहीं है। इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों पहुंचे थे। वहां छात्राओं को संबोधित करते हुए एलजी ने आतिशी की प्रशंसा की। उपराज्यपाल ने कहा कि आतिशी केजरीवाल से हजार गुना बेहतर हैं। मुझे आज खुशी है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री एक महिला हैं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वह अपनी पूर्ववर्ती से हजार गुना बेहतर हैं। यह टिप्पणी करते समय उपराज्यपाल ने आतिशी पर नजर भी डाली।

### आपके पास चार बड़ी जिम्मेदारियां हैं

अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने छात्राओं से कहा कि जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आपके पास चार जिम्मेदारियां होती हैं। पहली आपकी खुद के प्रति जिम्मेदारी है, दूसरी आपके माता-पिता और परिवार के प्रति आपकी जिम्मेदारी है जबकि तीसरी जिम्मेदारी समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति है। उन्होंने कहा कि चौथी जिम्मेदारी खुद को ऐसी महिला के रूप में साबित करना है, जिसने लिंग के बंधन को तोड़ दिया है। एक ऐसी महिला जो सभी क्षेत्रों में दूसरों के बराबर खड़ी हो गई है।

### प्रशंसा से सभी हो गए हैरान

उपराज्यपाल और आप सरकार के बीच अक्सर विवाद सामने आते रहते हैं। ऐसे में उपराज्यपाल द्वारा आतिशी की प्रशंसा करना किसी हैरानी से कम नहीं है। आप सरकार और उपराज्यपाल कई मुद्दों पर एक-दूसरे केआमने-सामने हैं। केजरीवाल ने कहा था कि वह अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर जनता से ईमानदारी का प्रमाण पत्र मांगेंगे। अगर जनता उन्हें ईमानदार घोषित करेगी तभी वह दोबारा मुख्यमंत्री के पद पर बैठेंगे। केजरीवाल ने विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी का नाम प्रस्तावित किया था, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया था।

**मान ने सौंपी प्रदेश की जिम्मेदारी**

## अरोड़ा बने आप के नए अध्यक्ष शैरी कार्यकारी प्रधान नियुक्त

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा आम आदमी पार्टी पंजाब के नए प्रधान बन गए हैं। सीएम भगवंत मान ने ये जानकारी दी। सीएम ने लिखा-आज मैंने पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी अपने दो करीबी साथी कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी को सौंप दी है।पार्टी ने फैसला किया है कि अरोड़ा पार्टी अध्यक्ष और शैरी उपाध्यक्ष के तौर पर काम करेंगे। मुझे अपने दोनों साथियों पर पूरा विश्वास है कि वे आने वाले समय में पार्टी और संगठन को पंजाब में और मजबूत करेंगे और नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। अरोड़ा सुनाम से विधायक हैं। वे आम आदमी पार्टी की पंजाब राज्य इकाई के सह-अध्यक्ष हैं। अमन दो बार के विधायक और पंजाब के मंत्री भगवान दास अरोड़ा के बेटे हैं। जनवरी 2016 में वे आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे।



**राष्ट्रपति ने लोकमंथन के उद्घाटन सत्र में कहा**

## देश को एक सूत्र में पिरोने का यह सराहनीय प्रयास




**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को हैदराबाद में लोकमंथन-2024 के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। लोकमंथन के आयोजन के लिए सभी स्टेकहोल्डरों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत में एकता के सूत्र को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है। सभी नागरिकों को भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को समझना चाहिए और परंपराओं को मजबूत बनाना चाहिए। विविधता हमारी मौलिक एकता को सुंदरता का इंद्रधनुष है।

**झुंझुनू जिले में हैरतअंगेज मामला**

## चिता से उठ बैठा युवक मुर्दाघर में भी रखा गया, 3 डॉक्टर सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए गए 25 वर्षीय व्यक्ति को दाह संस्कार से कुछ क्षण पहले होश आ गया, जिसके बाद शमशान में हल्ला मच गया। अधिकारियों ने बताया कि मूक-बधिर रोहिताश कुमार नामक व्यक्ति को वापस जिला अस्पताल ले जाया गया, जिसका कोई परिवार नहीं है। वह आश्रय गृह में रहता था। उसे अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में उपचार दिया जा रहा था और बाद में उसे जयपुर रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। कलेक्टर रामावतार मीणा ने लापरवाही का संज्ञान लेते हुए तीन डॉक्टरों को निलंबित कर दिया गया। डॉ. योगेश जाखड़, डॉ. नवनीत मील और पीएमओ डॉ. संदीप पचार को मामले में निलंबित कर दिया गया।



**प्रयागराज महाकुंभ के लिए रेलवे ने भी बढ़ाई सुविधा**

# 3000 स्पेशल ट्रेनों समेत लंबी दूरी की 700 गाड़ियां चलेंगी

## रेलमंत्री वैष्णव ने पत्र के माध्यम से सीएम योगी को दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाकुंभ मेले के दौरान इस बार रिकॉर्ड संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। मेले के दौरान भारतीय रेलवे ने तकरीबन 3000 स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी की है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दी है। पत्र के साथ विकास कार्यों की फोटो भी संलग्न की गई हैं। रेलमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी को यह पत्र 19 नवंबर को ही भेजा है। पत्र में उन्होंने बताया कि महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन के लिए रेलवे ने पूरी तैयारी कर ली है।



**श्रद्धालुओं और पर्यटकों को राहत मिलेगी**

वैष्णव ने लंबी दूरी की भी 700 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनों को चलाने का भी उल्लेख किया है। पिछले कुंभ के दौरान रेलवे ने कम दूरी वाली ही अधिकांश ट्रेनों का संचालन किया, लेकिन इस बार लंबी दूरी की भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### 4,500 करोड़ की परियोजनाएं चल रहीं



प्रयागराज क्षेत्र में आधारभूत संरचना के लिए 4,500 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं चल रही हैं। इसमें फ्लाईओवर, अंडरपास का निर्माण, स्टेशनों का विकास व यात्री सुविधा से जुड़े कार्य शामिल हैं। प्रयागराज क्षेत्र से गुजरने वाली दस हजार नियमित ट्रेनों के अलावा त3 हजार स्पेशल ट्रेन संचालित करने के बारे में अवगत कराया है।

**ऑल टेरेन व्हीकल भी तैनात किया :** महाकुंभ को सुरक्षित बनाने योगी सरकार अनेक उपाय कर रही है। पहली बार यहां ऑल टेरेन व्हीकल तैनात होगा। यह कहीं भी आग की घटना होने पर चंद सेकंड्स में घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा सकेगा।

**लंबी दूरी वाले इन शहरों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें**

गुवाहाटी, रंगापाड़ा नॉर्थ, मुंबई सीएसटी, नागपुर, पुणे, सिकंदराबाद, गुंटूर, नांदेड़, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, पुरी, संबलपुर, कन्याकुमारी, त्रिरुवनंतपुरम नॉर्थ, चेन्नई सेंट्रल, हावड़ा, डॉ. अंबेडकर नगर, वापी, अहमदाबाद, राजकोट, वड़ोदरा, वलसाड, भावनगर, जयनगर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, धनबाद, पटना, गया, रक्सौल, सहरसा, बेलागवी, मैसूर, उदयपुर सिटी, बाड़मेर, टाटानगर और रांची शामिल हैं।

**एमवीए के राउत का महाराष्ट्र में सरकार बनाने का दावा**

**दोनों गठबंधनों में टकराव शुरू**

## अघाड़ी की बनेगी सरकार, जीतेंगे 165 सीटें और मिलकर चुनेंगे मुख्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजों से पहले ही जहां एमवीए और महायुति ने अपनी-अपनी जीत के दावे करने शुरू कर दिए हैं, वहीं दोनों गठबंधनों में सीएम पद को लेकर आंतरिक रूप से टकराव भी शुरू हो गया है। उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि हमें यकीन है कि हम बहुमत हासिल करने जा रहे हैं। हमारे 160-165 विधायक चुने जाएंगे।



### पहले लगे अजित को सीएम बनाने के पोस्टर, फिर हटे



नतीजे से एक दिन पहले एनसीपी प्रमुख और डिप्टी सीएम अजित पवार को मुख्यमंत्री के रूप में दिखाने वाले पोस्टर लगाए गए। बाद में हटा भी दिए गए। पोस्टर को पुणे में पार्टी नेता संतोष नांगरे ने लगाया था।

### एक दिन में तय होगा सीएम चेहरा: पायलट



कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट का कहना है कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में सीएम का चेहरा तय करना कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। किसे क्या पद मिलेगा... यह तय करने में एक दिन से भी कम समय लगेगा। सचिन पायलट ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया।

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

NAMASTE RAJASTHAN

# नमस्ते राजस्थान

खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता

E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.com
nrnews100@gmail.com

राजस्थान
08
भीलवाड़ा
शनिवार 23 नवम्बर 2024

## एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर : सुष्मिता सेन



बालीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने एक बार फिर अपने प्रेरणादायक दृष्टिकोण से फैंस का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर सुष्मिता सेन ने एक प्रेरक संदेश साझा करते हुए लिखा, एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर है।


सुष्मिता ने अपने पोस्ट में बताया कि सपने देखना जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक जरूरी है उन्हें हकीकत में बदलने का प्रयास करना। उन्होंने कहा, इरादा एक शक्तिशाली उपकरण है, यह दिशा देने में मदद करता है, लेकिन बिना गति के यह बेकार है। उनका संदेश इस बात पर जोर देता है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ी उपलब्धियों का आधार बन सकते हैं। हाल ही में सुष्मिता को दांत के दर्द के इलाज के लिए एक दंत चिकित्सक के पास जाते हुए देखा गया। जब क्लिनिक के बाहर पैपराजी ने उनसे बातचीत की, तो उनकी आवाज में लड़खड़ाहट स्पष्ट थी, जो दर्द और एनेस्थीसिया का परिणाम थी। इसके बावजूद उन्होंने अपनी खास गर्मजोशी और विनम्रता से पैपराजी का अभिवादन किया, जो उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाता है। सुष्मिता का यह संदेश उनके फैंस के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

अपने जीवन और करियर में साहसिक और प्रभावशाली कदम उठाने वाली सुष्मिता ने यह साबित किया है कि इरादों को अमल में लाने की ताकत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। बता दें कि सुष्मिता सेन को अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकित वेब सीरीज आर्या में उनके दमदार अभिनय के लिए खूब सराहना मिली। इसके अलावा, उन्होंने बायोग्राफिकल ड्रामा ताली- बजाऊंगी नहीं, बजाऊंगी में ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगौरी सावंत की भूमिका निभाई। यह सीरीज मुंबई की ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट के संघर्ष और उनके जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाती है।



## सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना प्रेरणादायक: जान्हवी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार नयनतारा की बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने खुलकर तारीफ की है। नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, एक सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना सबसे प्रेरणादायक होता है। इस डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 18 नवंबर को हुआ, जिसमें नयनतारा के करियर और निजी जीवन की चुनौतियों का विवरण दिया गया है। डॉक्यूमेंट्री में नयनतारा और उनके पति विग्नेश शिवन के बीच की प्रेम कहानी और फिल्म इंडस्ट्री में उनके संघर्ष को भी दर्शाया गया है। जान्हवी कपूर ने नेटफ्लिक्स की पोस्ट को साझा करते हुए नयनतारा को एक साहसी और प्रेरणादायक महिला के रूप में सम्मानित किया। हालांकि, जान्हवी की पोस्ट उस समय आई है, जब नयनतारा और अभिनेता धनुष के बीच एक विवाद चल रहा था। 16 नवंबर को, नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर एक खुला पत्र शेयर किया, जिसमें उन्होंने धनुष पर कई गंभीर आरोप लगाए। नयनतारा ने दावा किया कि धनुष उनके प्रयासों से ईर्ष्या करते हैं और उनके सार्वजनिक रूप से दोस्ताना दिखने के बावजूद उनका असल स्वभाव बिल्कुल अलग है। इस पत्र में नयनतारा ने धनुष को 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करने पर भी कड़ी आलोचना की। यह विवाद उस समय उठ खड़ा हुआ था जब नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में नानुम राउडी धान के एक 3 सेकंड के क्लिप का उपयोग किया गया था, जो कि धनुष द्वारा निर्मित फिल्म थी। नयनतारा ने इस पर गुस्से में लिखा कि धनुष का कानूनी नोटिस चौंकाने वाला था, क्योंकि उस क्लिप का उपयोग सोशल मीडिया पर पहले से ही सार्वजनिक किया गया था। इस विवाद के बीच, नयनतारा के समर्थन में कई अन्य साउथ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां, जैसे श्रुति हासन, ऐश्वर्या राजेश, अनुपमा परमेश्वरन, और पार्वती थिरुवोथु, खड़ी नजर आई हैं। बता दें कि नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई है, जिसे काफी सराहा जा रहा है।



## अभिनेत्री नयनतारा हुई 40 साल की

अभिनेत्री नयनतारा 40 साल की हो गई है। एक्ट्रेस धूमधाम से अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री का डॉक्यूमेंट्री विवाद भी छाया हुआ है। अभिनेत्री की जिंदगी पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल' को लेकर लेडी सुपरस्टार नयनतारा और धनुष के बीच भी तकरार बढ़ती जा रही है। दरअसल, डॉक्यूमेंट्री में फिल्म नानम राउडी धान का एक गाना डालने पर प्रोड्यूसर और एक्टर धनुष ने नोटिस दिया है। नानम राउडी धान फिल्म के प्रोड्यूसर धनुष थे। जिस पर अभिनेत्री ने धनुष को जमकर खरी खोटी भी सुनाई और सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे जीवन, मेरे प्यार और शादी के बारे में इस नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में इंडस्ट्री के कई दोस्तों के क्लिप शामिल हैं, जिन्होंने अपना सहयोग दिया है, लेकिन दुख की बात है कि इसमें सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म नानम राउडी धान शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि दो साल तक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए अभिनेता से जूझने और डॉक्यूमेंट्री रिलीज के लिए उनकी मंजूरी का इंतजार करने के बाद टीम ने आखिरकार फिर से एडिटिंग करने और मौजूदा वर्जन के लिए समझौता करने का फैसला लिया है।

बता दें कि इससे पहले भी लेडी सुपरस्टार कई बार सुर्खियों में आ चुकी हैं। बात साल 2014 की है, जब नयनतारा का एक एमएमएस लीक हो गया था। इस वीडियो में नयनतारा एक्टर सिंबू को किस करती नजर आ रही थीं। यह वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले नयनतारा ने एक इवेंट में ब्राउन कलर की स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहनकर ग्लैमरस अंदाज में शिरकत की थी। अभिनेत्री को बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा था। हालांकि, फिल्म जगत के तमाम सितारों ने अभिनेत्री का समर्थन किया और ट्रोलर्स को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।

## मानुषी ने शेयर किया दिल छू लेने वाला वीडियो

वर्तमान में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने की 7वीं सालगिरह का जश्न मना रही हैं। मानुषी को 7 साल पहले मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था, जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल था। हरियाणा के रोहतक में जन्मी मानुषी की इस सफलता ने राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया और आज जब वह अपनी यात्रा को याद कर रही हैं, तो उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, मानुषी को देख कर युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलती है, जो उनके नक्शेकदम पर चलने और वही अविश्वसनीय सफलता प्राप्त करने का सपना देखती हैं। इस खास मौके पर मानुषी ने सोशल मीडिया के जरिए मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'इन वीडियो को भेजने के लिए मिस इंडिया को धन्यवाद, धन्यवाद मिस वर्ल्ड, यह हमेशा मेरे लिए सबसे खास पल रहेगा। मैं एक छोटी लड़की थी जब मैंने ताज पहनने और भारत को गौरवान्वित करने का सपना देखा था! मुझे बच्चों के बड़े सपने देखने और उसमें मेरी भूमिका निभाने से ज्यादा खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती।' मानुषी ने आगे कहा कि ये वीडियो एक विरोधाभास जैसा लग सकता है, लेकिन इसे विनम्रतापूर्वक लिया जाना चाहिए। उन्होंने एक वीडियो में केक खाते और प्रियंका कुमारी और साना दुआ से उसे खिलाते हुए खुद को दिखाया, जबकि दूसरे वीडियो में वह अपनी टीम के साथ फिटिंग करती दिखाई दीं। खिताब जीतने के बाद से मानुषी ने सिर्फ ब्यूटी क्वीन के रूप में ही नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस के तौर पर भी भारत को गर्वित किया है। वह अब अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तेहरान की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ अभिनय कर रही हैं।






## दया, सम्मान और आपसी समर्थन रिश्ते के अहम पहलू: भूमि पेडनेकर

हाल ही में अपने प्रशंसकों के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने पिछले कुछ दिनों के अनुभव साझा किए। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी की झलक पेश की। अभिनेत्री भूमि ने अपनी पोस्ट में लिखा, पिछले कुछ दिन- सेट पर रहने से लेकर यह पता चलने तक कि मेरी सोल सिस्टर की शादी हो रही है। इसके साथ उन्होंने कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह अलग-अलग पोज़ देती नजर आ रही हैं। इससे पहले भूमि ने एक सेल्फी पोस्ट करते हुए लिखा था, सेल्फी गेम म्रसोमवार मोड। भूमि हाल ही में एक टॉक शो में नजर आईं। शो में उन्होंने रिश्तों और साथी में प्राथमिकताओं को लेकर खुलकर बात की। भूमि ने कहा कि उनके लिए दया, सम्मान और आपसी समर्थन किसी भी रिश्ते के सबसे अहम पहलू हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसा साथी चाहती हूं जो दयालु हो, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करे, और जो मेरे काम पर गर्व महसूस करे। भूमि इन दिनों अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी व्यस्त हैं। उनका हालिया प्रोजेक्ट, क्राइम थ्रिलर भक्त, में वह एक उग्र पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं, जो सच्चाई उजागर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके अलावा, वह मुदस्सर अजीज की अपकमिंग कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत सिंह के साथ नजर आएंगी। भूमि की अन्य महत्वाकांक्षी परियोजना नेटफ्लिक्स की रोमांटिक सीरीज द रॉयल्स है। इस सीरीज में ईशान खट्टर, जीनत अमान, नोरा फतेही और मिलिंद सोमन जैसे स्टार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।


## एल्बम ग्लोरी के गाने में नजर आएगी नोरा फतेही



अभिनेत्री नोरा फतेही और रैपर यो यो हनी सिंह की जोडी अपने नए सहयोग से एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही है। नोरो रैपर हनी सिंह के बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी के गाने पायल में नजर आएगी। नोरा ने सोशल मीडिया पर म्यूजिक वीडियो का टीज़र शेयर करते हुए लिखा, यह अगली बड़ी चीज़ का समय है। पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो, जिसे हनी सिंह ने गाया है और जिसमें मैं फीचर कर रही हूं, कल रिलीज़ होगा। वीडियो में नोरा के शानदार डांस मूव्स और हनी सिंह के यूनिक बीट्स ने फैंस को बेसब्री से इंतजार में डाल दिया है। हनी सिंह ने पर्दे के पीछे की शूटिंग का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस के कठोर तापमान में फिल्माया गया। उन्होंने नोरा के समर्पण और प्रोफेशनलिज़्म की तारीफ करते हुए उन्हें महान और बेहद मेहनती कलाकार कहा। 46 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली नोरा हर प्रोजेक्ट के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित कर रही हैं। उनकी हालिया तेलुगु फिल्म मटका को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा, पेरिस फैशन वीक 2024 में नोरा ने लुई वुइटन के शो में अपनी उपस्थिति से तहलका मचा दिया। नोरा की अगली बड़ी अंतर्राष्ट्रीय परियोजना में जेसन डेरुलो के साथ एक और म्यूजिक वीडियो शामिल है, जो जल्द ही रिलीज़ होगा।

## सोनी सब के शो 'तेनाली रामा' के लिये कृष्णा भारद्वाज ने सिर मुंडवाया

सोनी सब के शो तेनाली रामा के लिये अभिनेता कृष्ण भारद्वाज ने अपना सिर मुंडवाकर भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। एक बार फिर तेनाली रामा के किरदार में कदम रखने के लिए तैयार कृष्ण भारद्वाज ने कहा, मैं एक ब्राह्मण परिवार से आता हूं, और हमें अपना सिर मुंडवाने की अनुमति नहीं है, जब तक कि घर में कोई त्रासदी न हो। मेरी मां ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'यह अशुभ है!', लेकिन उन्होंने यह भी समझा कि मैं अपने काम के प्रति समर्पित हूं और उन्होंने मेरे निर्णय में मेरा समर्थन किया।




कृष्णा भारद्वाज ने कहा, इस बार मुझे रात में सोने में कठिनाई हो रही है क्योंकि मेरे सिर और तकिये के बीच घर्षण हो रहा है और जब से मैंने अपना सिर मुंडवाया है, तब से मुझे खुजली और अजीब लग रहा है। साथ ही मेरा लुक पूरी तरह से बदल गया है। आपका रूप आपके व्यक्तित्व का एक बड़ा हिस्सा है, खासकर एक अभिनेता के लिए। जब पहला सीज़न समाप्त हुआ, तो मैंने अपने बाल वापस उगाने की कोशिश की, लेकिन वे पहले की तरह घने नहीं हुए। इस बार गंजा होना कठिन लगा क्योंकि मैंने अपने बालों को फिर से उगाने और बनाए रखने के लिए बहुत मेहनत की थी। फिर भी, मैं हमेशा खुद को समझाता हूँ कि गंजा होने के बाद भी मैं सुंदर दिखता हूं। तेनाली रामा दिसंबर में सोनी सब पर रात आठ बजे प्रसारित होगा।

## किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहता: सुधांशु पांडे

छोटे परदे की एक्ट्रेस रुपाली गांगुली के लिए बीते कई महीने मुश्किलों भरे रहे हैं। एक्ट्रेस पर पहले कई को-स्टार्स ने बुरा व्यवहार करने के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उनकी सौतेली बेटी ने उनपर मारपीट और डराने के कई गंभीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर एक्ट्रेस की सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने एक्ट्रेस पर उनका घर तोड़ने और उनके पिता को छीनने का आरोप लगाया था। इन सबके बीच रुपाली गांगुली के को-स्टार रहे सुधांशु पांडे ने एक्ट्रेस पर लगे इन आरोपों पर रिएक्ट किया है।



बातचीत के दौरान सुधांशु पांडे ने उनकी को-स्टार रही रुपाली गांगुली पर लगे आरोपों पर रियेक्ट किया है। एक्टर ने डिटेल में बात करने से इनकार करते हुए कहा कि वो उनकी निजी जिंदगी है और वो किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहते हैं। बातचीत के दौरान सुधांशु कहते हैं, 'मैं इस बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि ये किसी का बहुत ही निजी मामला है। किसी के पर्सनल मैटर के बारे में बात करना सही बात नहीं है।' वो आगे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि इसकी जरूरत नहीं है। हम सबके जीवन में ऐसी चीजें होती हैं और हम अपने-अपने तरीकों से इससे डील करते हैं। बाकी सब भगवान पर छोड़ देते हैं'। बता दें, सुधांशु पांडे के शो छोड़ने के पीछे एक्ट्रेस रुपाली गांगुली को बताया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस से लड़ाई का बाद ही उन्होंने शो छोड़ा। सुधांशु के बाद मदालसा शर्मा सहित कई एक्टर्स ने शो छोड़ा और कई ने रुपाली पर पॉलिटिक्स करने के आरोप भी लगाए। कई सितारों ने दावा किया कि रुपाली सेट पर काफी राजनीति करती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने इन बयानों पर चुप्पी साधी हुई है।



## जैकी श्रॉफ फिल्म फेस्टिवल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

आगामी 22 नवंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल का अभिनेता जैकी श्रॉफ को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस महोत्सव में फिल्मी हस्तियां और प्रोडक्शन बैनर जैसे इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस, अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर, फिल्म निर्माता रिची मेहता, पद्म श्री पुरस्कार विजेता सुरेश वाडकर, वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर गौतम पांडे सहित कई अन्य कलाकार और फिल्ममेकर्स भी भाग लेंगे।

एएलटीईएफएफ का उद्देश्य सिनेमा की शक्तिशाली छवि के माध्यम से जलवायु जागरूकता बढ़ाना है, और इस दिशा में जैकी श्रॉफ का विचारशील योगदान महोत्सव के मुख्य उद्देश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी नियुक्ति पर जैकी श्रॉफ ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मुझे एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है, और विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट एक्शन पर काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्में लोगों को जोड़ने का एक शानदार तरीका हैं, और अगली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए प्रेरित करने के लिए हमारे अपने फिल्मों से बेहतर क्या हो सकता है।

एएलटीईएफएफ एक फिल्म महोत्सव से कहीं अधिक है, यह हम सभी का एक बड़ा सहयोग है, और मैं इस दिशा में काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। एएलटीईएफएफ 2024 में रेड कार्पेट मोमेंट्स, सिनेमा की एक शाम, क्लाइमेट एक्शन के आसपास समुदाय और संवाद, एएलटीईएफएफ 2024 बेस्ट ऑफ फेस्टिवल फिल्म की स्क्रीनिंग और एक पुरस्कार समारोह जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ की हालिया ब्लॉकबस्टर सिंघम अगेन में उनके नेगेटिव किरदार उमर हफ़ीज़ को शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इसके अलावा, वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में बब्बर शेर का किरदार निभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ अभिनेता वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के पहले लुक का रिवील किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

स्वात्वाधिकारीः प्रकाशक एवं मुदकः पंकज गर्ग द्वारा नमस्ते राजस्थान 14/71, प्रेम भवन, चितौडवालो की हवेली के पास, इंद्रा मार्केट के सामने, शाम की सब्जी मंडी रोड, भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 से प्रकाशित एवं डीबी कॉर्प लि. दैनिक भास्कर प्रिंटिग प्लांट, 12 इंद्रा सर्किल, गठिलाखेडा, शारदा ड्रिम कॉलोनी के पास चितौड रोड़, भीलवाड़ा राजस्थान से मुदित। संपादकः पंकज गर्ग, कार्यालय नंबरः 01482-455184, मों. 9214417111, 8005910698, E-MAIL:namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com